

**इफ्तार** सोमवार
सुन्नी: 6:11
शिया: 6:26

**सहरी** मंगलवार
सुन्नी: 05:16
शिया: 05:09

**न्यूज ब्रीफ**

### डीसीबी का 87वां वार्षिक अधिवेशन 27 को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक की वार्षिक सामान्य निकाय बैठक का 87वां वार्षिक अधिवेशन 27 फरवरी को आयोजित होगा। समारोह में वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना राज्य मंत्री, भारत सरकार जितिन प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डीपीएस राठौर ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम अंटा चौराहा स्थित अटल बिहारी वाजपेई प्रेक्षागृह में सुबह 10 बजे भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन में जिले के सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। साथ ही जिला सहकारी बैंक के सभी डेलीगेट बैठक में भाग लेंगे।

### लव जिहाद प्रकरण में कार्रवाई न होने पर रोष

**खुटार, अमृत विचार :** 15 वर्षीय किशोरी को इंस्टाग्राम आईडी के जरिए नाम बदलकर बहलाने और 20 फरवरी की रात ले जाने के मामले में पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगा है। 21 फरवरी को पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज हुई थी। 22 फरवरी को पुलिस ने किशोरी को कौशांबी से बरामद कर अनस और चांद मोहम्मद को पकड़ लिया था, जो थाने में बंद बताया जा रहा है। हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) ने पुलिस पर लीपापोती का आरोप लगाते हुए मंगलवार को सीओ पुवायां को ज्ञापन देने और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### किशोरी से छेड़छाड़ मुकदमा दर्ज

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 दिसंबर की रात उसकी 15 वर्षीय और 11 वर्षीय पुत्री घर की छत पर सो रही थीं। रात करीब एक बजे गांव लक्ष्मीपुर निवासी वैभव कुशवाहा छत पर चढ़ आया और बड़ी पुत्री का हाथ पकड़ लिया। आरोप है कि शोर मचाने पर आरोपी ने किशोरी का मुंह दबा दिया। इस दौरान छोटी पुत्री की नींद खुल गई।

# हर घर जल का सपना अधूरा, दो वर्ष बाद भी नहीं हो सका टंकी का निर्माण

## बिलसिया दौलतपुर में योजना अटकी, गांवों में पेयजल संकट, लाखों खर्च, लेकिन जलापूर्ति शुरू नहीं

रामानुज आनंद, लीचू, पुवायां

**अमृत विचार:** जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया था, लेकिन पुवायां क्षेत्र के गांव बिलसिया दौलतपुर में यह योजना अब तक अधर में है। यहां निर्माणाधीन पानी की टंकी पिछले दो वर्षों से अधूरी पड़ी है, जिससे आठ गांवों में पेयजल आपूर्ति बाधित है और हजारों ग्रामीण पानी के लिए परेशान हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक इस योजना से क्षेत्र के लगभग छह हजार मतदाता समेत दस हजार से अधिक आबादी को लाभ मिलना था। प्रस्तावित योजना के तहत ओवरहेड टैंक से बिल्सा, बिलसिया दौलतपुर, गंगसरा, मैनिया, गदिनिया, रसूलपुर तथा इनायतपुर सहित अन्य गांवों तक जलापूर्ति होनी थी। लेकिन न तो टंकी पूरी तरह तैयार हो सकी और न ही नियमित जल सप्लाई शुरू हो पाई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद निर्माण कार्य बीच में ही रोक दिया गया। कुछ स्थानों पर पाइपलाइन बिछाई गई है, लेकिन मुख्य टंकी अधूरी होने के कारण जलापूर्ति संभव नहीं हो पा रही।



टंकी पर टैंक अभी तक नहीं रखा जा सका है।

- शिकायतों के बावजूद नहीं हुआ समाधान

ग्रामीणों का दावा है कि कागजों में कार्य लगभग पूर्ण दिखाया गया है, जबकि मौके पर निर्माण अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पेयजल संकट को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। गर्मी का मौसम नजदीक आने से समस्या और गंभीर होने की आशंका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराकर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए।



टंकी बनने की खुशी में लोग काफी खुश थे, लेकिन उनकी खुशी काफूर हो चुकी है। वह जल्द टंकी बनने का इंतजार कर रहे हैं। - नन्हे लाल, ग्रामीण



वोट के समय तमाम जन प्रतिनिधि आ जाते हैं, लेकिन इस समस्या के लिए कई बार मांग की गई लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। - इंद्रजीत, ग्रामीण



मैं कई बार नेताओं और अधिकारियों से कह चुके हैं लेकिन कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।
- वीरपाल, चौकीदार



गर्मी के समय गांव के तमाम हैण्डपम्प और बोरिंग पानी छोड़ने लगते हैं तब इसकी अधिक आवश्यकता महसूस होती है। टंकी निर्माण पैसा बंदरबांट होने की आशंका जताई है।
- विमल, टीचर

" मामला संज्ञान में आया है। जल्द जांच कराकर टंकी का निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा।
ऋषिपाल सिंह, डीडीओ

### खलिहान की जमीन पर कब्जे के प्रयास और मारपीट का आरोप

**कलान, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव जखिया निवासी जयवीर सिंह यादव ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि गांव में उनके मकान के पास खलिहान की जमीन है, जहां एक पीपल का पेड़ खड़ा है। देव स्थान होने के कारण परिवार के लोग वहां पूजा-अर्चना करते हैं।

पीड़ित के अनुसार कुछ लोग खलिहान की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर चुके हैं, लेकिन लेखपाल और प्रधान की ओर से कब्जा नहीं होने दिया गया। इसी बात को लेकर आरोपी रंजिश मानने लगे हैं। आरोप है कि कलान पुलिस ने उनकी बात नहीं सुनी। जयवीर सिंह यादव ने बताया कि आरोपियों ने उनकी पत्नी को लाठी-डंडों से पीटा, जिससे उसे अंदरूनी चोटें आईं। साथ ही एक आरोपी ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से तमंचे से फायर भी किया, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। पीड़ित दंपति ने पुलिस अधीक्षक से मामले में कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कराई जा रही है। आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अंग्रेजी की कॉपी लेकर केंद्र से भागा परीक्षार्थी

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम विक्रमपुर स्थित जीवानंद मेमो श्री नन्हे सिंह कॉलेज में सुबह की पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा के दौरान एक परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका लेकर परीक्षा केंद्र से निकल गया। घटना से केंद्र पर हड़कंप मच गया।

बताया जाता है कि परीक्षा समाप्त होने के बाद संबंधित परीक्षार्थी ने प्रश्नपत्र जमा कर दिया, लेकिन उत्तरपुस्तिका जमा नहीं की। कक्ष निरीक्षक का इस ओर ध्यान नहीं गया। बाद में जब उत्तरपुस्तिकाओं की गिनती की गई तो एक कॉपी कम निकली। इसकी सूचना केंद्र व्यवस्थापक को दी गई। मामले की जानकारी मिलते ही परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों और कॉलेज स्टाफ ने छात्र की तलाश शुरू की। कुछ दूरी पर परीक्षार्थी को पकड़ लिया गया और उसके पास से उत्तरपुस्तिका बरामद कर ली गई। घटना के बाद परीक्षा केंद्र पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

- पीछा कर पुलिस ने पकड़ा, परीक्षा केंद्र पर मचा हड़कंप

### दूसरे की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया सॉल्वर

संवाददाता, कलान, अमृत विचार : क्षेत्र के गोकरन सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज सथरा धर्मपुर परीक्षा केंद्र पर सोमवार को दूसरी पाली में इंटर जीव विज्ञान की परीक्षा के दौरान दूसरे की जगह परीक्षा दे रहा युवक पकड़ा गया। केंद्र व्यवस्थापक लोकेश मिश्रा सचल दल की टीम के साथ कक्ष संख्या 8 में पहुंचे तो एक परीक्षार्थी पर संदेह हुआ। पूछताछ में वह पहले अपना नाम दिव्यांश सिंह बताता रहा, लेकिन सख्ती करने पर उसने अपना नाम अनुज राजपूत बताया। उसने बताया कि वह फर्रुखाबाद जिला के थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम विजपुरिया का निवासी है। वह दिव्यांश सिंह निवासी अलीगढ़ थाना राजेपुर फर्रुखाबाद की जगह परीक्षा दे रहा था। उसके पास से मिला आधार कार्ड दिव्यांश सिंह के नाम का था, जिसमें फोटो उसी का लगा था। मामले की सूचना पर पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। केंद्र व्यवस्थापक ने थाने में मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है।

- गोकरन सिंह इंटर कॉलेज में जीव विज्ञान की परीक्षा में खुलासा

# 'छोटे लाट साहब' के जुलूस को लेकर पुलिस ने निकाला रूट मार्च, परखी व्यवस्थाएं

संवाददाता, पुवायां

- बड़ागांव में पुलिस-प्रशासन की बैठक, शांति और परंपरा के पालन की अपील
- सीओ परवीन मलिक ने कहा कि नई परंपरा न डालें, सौहार्द बनाए रखें

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर जिले के कस्बा पुवायां क्षेत्र के गांव बड़ागांव में होली के अवसर पर निकाले जाने वाले पारंपरिक 'छोटे लाट साहब' के जुलूस को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा गांव में बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद जुलूस के निर्धारित मार्गों पर रूट मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी (सीओ) परवीन मलिक ने ग्रामीणों और आयोजकों से संवाद करते हुए अपील की कि जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें और किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू न करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यक्रम पूर्व निर्धारित परंपराओं और तय मार्ग के अनुसार ही निकाला जाए।

सीओ ने यह भी निर्देश दिए कि जुलूस निर्धारित समय और मार्ग से ही निकले। किसी प्रकार के भड़काऊ नारे या विवादित गतिविधि से बचें। डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नियमानुसार हो। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। रूट मार्च के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

संवेदनशील बिंदुओं की विशेष निगरानी की गई और जुलूस मार्ग पर पड़ने वाले प्रमुख स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए। त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा गांव में बैठक आयोजित की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वहीं ग्रामीणों ने भी प्रशासन को आश्वस्त किया कि त्योहार को आपसी भाईचारे और परंपरागत मर्यादाओं के साथ मनाया जाएगा। होली पर्व को लेकर प्रशासन की सक्रियता से क्षेत्र में सुरक्षा का संदेश गया।

### ट्रेन रोककर महिला की बचाई जान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** त्रिवेणी एक्सप्रेस में एक महिला चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में कुछ दूर तक घिसटती चली गई। यात्रियों ने चेन पुलिंग करके ट्रेन को रुकवाया और महिला की जान बचायी।

डाउन लाइन की त्रिवेणी एक्सप्रेस दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर आकर प्लेटफार्म एक पर आकर रुकी। ट्रेन कुछ देर रुककर लखनऊ के लिए चल दी। इस दौरान महिला के परिवार वाले ट्रेन में पहले चढ़ गए और महिला चलती ट्रेन में चढ़ने लगी। महिला कुछ दूर तक प्लेटफार्म घिसटती चली गई। यात्रियों ने शोर मचाया तो चेन पुलिंग की गयी। ट्रेन रुकने के बाद महिला को बचाया। परिवार वालों ने उसे कोच में बैठा लिया। इस दौरान आरपीएफ और कैरिज विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और वैक्यूम को ठीक किया। ट्रेन करीब पांच मिनट लखनऊ के लिए रवाना हुई।

# राइजिंग स्टार ने जीता फाइनल मैच

- मैन ऑफ द मैच शाहिद और मैन ऑफ द सीरीज रहे प्रहलाद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मयूर स्पोर्टिंग की ओर से कैंट मैदान पर चल रहे विक्रम बत्रा मेमोरियल कारगिल शहीद क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल मैच कुमाऊं रेजीमेंट एवं राइजिंग स्टार के बीच में खेला गया। जिसमें कुमाऊं रेजीमेंट को हराकर राइजिंग स्टार ने फाइनल मैच जीत लिया।

सोमवार को खेले गए मैच का टॉस राइजिंग स्टार ने जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सभी विकेट होकर 100 रन बनाए। जिसमें सर्वाधिक रन नवीन ने 32 रन एवं शालू ने दशरथ बनाए। कुमाऊं रेजीमेंट के गेंदबाज सुरेंद्र ने तीन विकेट, प्रताप ने चार विकेट एवं रविंद्र ने दो विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कुमाऊं रेजिमेंट की टीम 20 ओवर में 97 रन पर ही ऑल आउट हो गई। टीम के हिमांशु तिवारी ने 24 रन, आशीष ने 23 रन, जगदीश ने 15 रन बनाए। राइजिंग स्टार के गेंदबाज सत्यम तिवारी ने दो विकेट और सूर्य प्रकाश ने एक विकेट लिया।

मैन ऑफ द मैच विजेता टीम के शाहिद और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार कुमाऊं रेजीमेंट के प्रहलाद को दिया गया। मैच के अंपायर अजीत सिंह एवं दिनेश शर्मा थे। कबीर व मयूर खन्ना ने स्कोरिंग और कमेंट्री पंकज तिवारी ने की। मुख्य अतिथि कुमाऊं रेजीमेंट के सीओ कोठारी व विशिष्ट अतिथि आर्मी रणजी खिलाड़ी पीवी राणा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर पुरस्कृत किया। आयोजक मयूर खन्ना ने आभार जताया। पुरस्कार वितरण में सत्यानंद हॉस्पिटल के डॉ गौरव मिश्रा एवं तनवीर खां व मुदस्सिर उर्फ जोंटी समेत कई लोगों का सहयोग रहा।



फाइनल जीतने वाली राइजिंग स्टार टीम को ट्रॉफी देते अतिथि। • अमृत विचार

# कटरा में स्मैक समेत चार तस्कर गिरफ्तार

- 99.5 ग्राम स्मैक बरामद, अभियुक्तों पर पहले से दर्ज हैं मुकदमे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** कटरा पुलिस ने हुलास नगला पुल पर चार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 99.5 ग्राम स्मैक बरामद की है। बरेली से अफीम लेकर आ रहे थे और कटरा में एक व्यक्ति को देने जा रहे थे। पुलिस ने चारों तस्करों का चालान कर दिया।

कटरा प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह को रविवार की रात नौ बजे सूचना मिली कि हुलास नगला पुल पर चार मादक पदार्थ तस्कर खड़े और किसी का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी करके चारों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर योगेश मौर्य निवासी अफरीदी थाना कटरा, सत्यवीर निवासी लक्ष्मी प्रतापपुर थाना मदनापुर, संजय निवासी भीकमपुर थाना फतेहगंज पूर्वी जिला बरेली तथा हरी शंकर निवासी भीकमपुर थाना फतेहगंज पूर्वी जिला बरेली हैं। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 99.5 ग्राम स्मैक बरामद की है। अभियुक्तों पर पहले से विभिन्न धाराओं के मुकदमे दर्ज है। पूछताछ के दौरान तस्करों ने बताया कि बरेली के नईम से स्मैक लेकर आए थे और अरशद निवासी कायस्थान थाना कटरा को देने जा रहे थे। पुलिस ने चारों का चालान कर दिया।



पुलिस हिरासत में मादक पदार्थ तस्कर। • अमृत विचार

### पुत्र को बचाने पहुंची मां-बेटी से भी मारपीट

**परतापुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम परतापुर निवासी शिवरानी पत्नी सुरेश यादव ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार उनका पुत्र अखिलेश खेत से घर लौट रहा था, तभी रास्ते में कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर वह बेटे को बचाने पहुंचीं, लेकिन आरोप है कि हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। इस दौरान उनकी पुत्री आशना को भी पीटा गया। पीड़ित पक्ष ने थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# खेत पर रखवाली कर रहा किसान गोली लगने से घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जल्लापुर गांव में खेत पर किसान रविवार की रात में फसल की रखवाली कर रहा था। खेत पर अंधेरे का फायदा उठाते हुए अज्ञात व्यक्ति फायर किया, गोली किसान के एक पैर में लगने से वह घायल हो गया। घायल किसान को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।



घायल किसान।

मीनापुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव जल्लापुर निवासी जंग बहादुर गंगवार ने अपने खेत पर फसल बो रखी थी। उसकी फसल को कई बार आवारा पशु नुकसान कर चुके थे। रविवार की रात आठ बजे जंग बहादुर खाना खाकर खेत पर फसल की रखवाली करने के लिए गया। वह रात 12 बजे खेत पर बैठकर फसल की रखवाली कर रहा था। अचानक अंधेरे की तरफ से गोली आई और उसके एक पैर में नीचे लग गयी। जो गोली रगड़ती हुई निकल गयी। सूचना पर घायल के परिजन खेत पर पहुंचे और घायल को लेकर कटरा थाना पर गए। पुलिस को घटना से अवगत कराया। परिवार वाले घायल जंग बहादुर को कटरा सीएचसी ले गए। डाक्टर ने घायल को मेडिकल कालेज भेज दिया। घायल ने बताया कि अचानक गोली उसके पैर में आकर लगी और अंधेरा होने के कारण वह देख नहीं पाया। प्रभारी निरीक्षक अवधेश सिंह ने बताया गोली लगने की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। घायल को मेडिकल कराया जा रहा है। मेडिकल रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर धनेला गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक आरसी मिशन थाना क्षेत्र के रौसर गांव निवासी अंकित किसी काम से बाहर गए थे और बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से गलत साइड में आ रही शेरपुर गांव निवासी पिंटू की बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



धनेला गांव के पास हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़। • अमृत विचार

### मां-बेटे पर चाकू से किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव कूराबंडा निवासी कौशल्या ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 12 फरवरी को उसका पुत्र मिथलेश खेत पर काम कराने के लिए लेवर की तलाश में घर से निकला था। गांव के सुभाष, कल्लू, शिवम, शिवा ने उसके पुत्र को घेर लिया और चाकू आदि से घायल कर दिया। वह अपने बेटे को बचाने गई तो उसे चाकू से प्रहार करके घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# दो बेटियां पैदा होने पर बहू को पीटकर घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सादा कागज पर करा लिए हस्ताक्षर, सारा जेवर रख लिया पति समेत नौ पर रिपोर्ट

**अमृत विचार:** महिला के शादी के बाद दो पुत्रियां होने पर पति और ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत नौ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला एमनजई जलालनगर निवासी इरम ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले अनवर अंसारी निवासी एमनजइ जलालनगर थाना सदर बाजार के साथ हुई थी। उसका पति उसे लेकर लखनऊ में रखने लगा। उसने लखनऊ में एक पुत्री को जन्म दिया। शादी के कुछ माह बाद उसका पति उसको प्रताड़ित करने लगा। 03 जनवरी को वह अपने पति के साथ ससुराल मोहल्ला एमनजई जलालनगर में आयी। 19 जनवरी को अस्पताल में दूसरी बेटी का जन्म हुआ। दो दिन बाद अस्पताल से वह अपने पति के साथ घर गयी। आरोप है कि ससुराल वाले दो पुत्रियों और दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे और मारपीट करना शुरू कर दी। आरोप है कि 03 फरवरी को उसका पति लिखा-पढ़ी कराने के बहाने कचहरी ले गया। आरोप है कि उसके पति और दोस्तों ने सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए। दूसरे दिन उसके पति ने उसे घर से निकाल दिया ओर सारा जेवर रख लिया। पति ने कहा कि अब कोई रिश्ता नहीं है और जहां मर्जी है, वहां चली जाओ। धमकी दी कि इस घर में दोबारा आई तो जान से मार डालेंगे।

**मनमानी**

आरोप- रजिस्टर पर करा लिए हस्ताक्षर, मकान के प्लास्टर टूटे हुए

# रेलवे मकान में बाहर हुई पुताई, कमरों में नहीं करायी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रेल प्रशासन ने सरकारी आवास की पुताई करायी है। पुताई मकान के बाहर करा दी और अंदर कमरों में नहीं कराई है। न ही मकान के अंदर फर्श और दीवार का प्लास्टर नहीं किया है। रेल कर्मचारियों का आरोप है कि निर्माण विभाग ने कर्मचारियों से पुताई हो गई के हस्ताक्षर रजिस्टर पर करवा लिए है। कर्मचारी यूनियन के सामने इस मुद्दे को रखा जाएगा।

रेल कर्मचारियों के लिए रहने के लिए करीब साढ़े तीन सौ सरकारी आवास हैं। सरकारी आवासों के कई साल से पुताई नहीं हुई थी। इस साल निर्माण निरीक्षक विभाग ने सरकारी आवास की पुताई करायी है। यह पुताई मालगोदाम रोड पर स्थित सरकारी आवास, ढाकाताल कालोनी में करायी गई है। विभाग ने मालगोदाम रोड पर दीवारों की पुताई करायी है। रेल कर्मचारियों ने बताया कि पुताई मकान के बाहर-बाहर दीवारों पर कर दी गई है और कमरों में पुताई नहीं की गयी है। इसी प्रकार रेलवे अस्पताल के आगे जीआरपी के उप निरीक्षक के कमरे की पताई अधूरी छोड़ दी है।

कुछ कर्मचारियों ने बताया कि संबंधित विभाग को लिखकर दिया है कि मकान की दीवार का पलास्तर और फर्श टूटा हुआ है। रेलवे कालोनी ढकाताल के मकान नं 22-डी के कर्मचारी ने बताया कि संबंधित विभाग को कई बार पत्र लिखा है कि फर्श और दीवार का पलास्तर और दरवाजे टूटे हुए हैं। लेकिन नतीजा जस का। गोविंदगंज रेलवे कालोनी में सरकारी आवास में पुताई नहीं करायी गयी। रेलवे यूनियन मंडल के अधिकारियों के सामने पुताई आदि मुद्दों को उठाएगी।



माल गोदाम रोड पर रेलवे कॉलोनी में अधूरी की गई पुताई। • अमृत विचार

### टूटी दीवार नहीं बनाईं गई

मालगादोम रोड पर ट्रांसफार्मर के पास रेलवे की टूटी दीवार को करीब एक माह हो गया है। जहां बिजली का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। जानवर टूटी दीवार से ट्रांसफार्मर के पास जाते है, किसी दिन हादसा हो सकता है। जबकि एक दिन विभाग ने मलवा को हटा दिया था। विभाग ने टूटी दीवार को ठीक कराने की जररुत नहीं समझी है।

### स्मैकियों का अड्डा बन गया

ढकाताल रेलवे कालोनी में काफी संख्या में निष्प्रयोज्य सरकारी आवास है। विभाग ने दरवाजे और खिड़कियां निकाल ली है, लकिन निष्प्रयोज्य सरकारी आवास को नहीं गिराया है। कर्मचारियों ने बताया कि स्मैकियों और चोरों के अड्डे बन गए है। विगत दिनों कालोनी में तीन मकानों में चोरी हो गई थी। कुछ लोग इन क्वाटरों में जानवर पाल रहे है। कर्मचारियों ने मांग की है कि निष्प्रयोज्य सरकारी क्वार्टरों को गिराया जाए।

### अनियंत्रित पिकअप खाई में गिरी, चालक गंभीर रूप से घायल

**खुटार, अमृत विचार:** जिला लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी निवासी चालक विनोद कुमार ने बताया कि वह पिकअप में घूटा की बोरियां भरकर गोला से मैलानी जा रहा था। करीब 3:30 बजे खुटार-गोला रोड पर सीमावर्ती जंगल में डिपो के पास अचानक टायर फट गया। इसके बाद पिकअप नियंत्रण से बाहर होकर खाई में चली गई। हादसे में चालक पिकअप में फंसकर घायल हो गया।

किसी तरह बाहर निकलकर उसने निजी अस्पताल में उपचार कराया। गनीमत रही कि हादसे में कोई अन्य वाहन या राहगीर चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने बताया कि घटना थाना मैलानी क्षेत्र की है और आगे की कार्रवाई मैलानी पुलिस करेगी।




# मतदाताओं से 2003 की सूची मांगने पर रोक

## नो-मैपिंग प्रकरण में जिला निर्वाचन अधिकारी के सख्त निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की बैठक में सामने आया मामला**
- **बीएलओ को हार्डकापी न मांगने के स्पष्ट आदेश**

**अमृत विचार:** अब बीएलओ नौ मैपिंग वाले मतदाताओं से साल 2003 की मतदाता सूची नहीं मांग पाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने इस पर रोक लगा दी है। डीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारी मतदाता को साल 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध कराने के लिए बाध्य न करें।

अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर चल रहे विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के बीच नो-मैपिंग प्रकरण में मतदाताओं से वर्ष 2003 की मतदाता सूची मांगने का मामला सामने आया है। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए हैं कि किसी भी मतदाता से वर्ष 2003 की सूची की हार्डकापी न मांगी जाए। 20 फरवरी 2026 को जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक में यह मुद्दा उठा। बैठक में बताया गया कि नो-मैपिंग वाले मतदाताओं से बीएलओ की ओर से वर्ष 2003 की मतदाता सूची की प्रति उपलब्ध कराने को कहा जा रहा है। प्रशासन की ओर से साफ किया गया कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची ऑनलाइन उपलब्ध है और उसकी हार्डकापी भी बीएलओ के पास मौजूद है। इसके बावजूद मतदाताओं से प्रति मांगे जाने को गंभीरता से लिया गया। इसी के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधितों को निर्देशित किया है कि किसी भी मतदाता को वर्ष 2003 की मतदाता सूची की हार्डकापी उपलब्ध कराने के लिए बाध्य न किया जाए।

विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान वर्ष 2003 की मतदाता सूची को लेकर चल रही खींचतान के बीच जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश से मतदाताओं को बड़ी राहत मिली है। अब तक बीएलओ की ओर से मतदाता से वर्ष 2003 की मतदाता सूची की प्रति मांगी जा रही थी, जिसे जुटाना आम लोगों के लिए आसान नहीं था।

वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट हासिल करने में मतदाताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खासतौर पर गांव के निवासियों और कम पढ़े लिखे मतदाता इस प्रक्रिया से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे थे। उन्हें न तो ऑनलाइन सूची की जानकारी थी और न ही हार्डकापी तक उनकी सीधी पहुंच थी। सूची उपलब्ध न होने के कारण कई स्थानों पर बीएलओ ने एसआईआर फार्म अधूरा छोड़ दिया। इसके चलते संबंधित मतदाताओं को नोटिस जारी हो गए, जिससे उन्हें अतिरिक्त भागदौड़ और मानसिक परेशानी उठानी पड़ी। कई लोगों को अपने मताधिकार पर संकट की आशंका भी सताने लगी थी।

## भाभी और फूफा को घायल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बंडा में खेत के विवाद को लेकर भाई की पत्नी और फूफा को धारदार हथियार और डंडे से पीटकर हमला करने वाले आरोपी भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव बिरहाना बुजुर्ग निवासी सत्यदेव ने 24 अक्टूबर को अपने भाई नन्हेंलाल, मानसिंह, राजेश, माहेश्वरी, सुखरानी और महेश चंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कहा था कि आरोपियों ने उसकी पत्नी और फूफा के साथ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए धारदार हथियार से घायल कर दिया था। मामले में आरोपी राजेश ने 20 जनवरी को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस ने कढेर चौराहे के पास आरोपी नन्हेलाल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि अपने भाई व फूफा रामचंद्र के साथ खेत का विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन आरोपी अपने खेत पर मौजूद था। उसके भाई व भाभी तथा फूफा खेत पर आए और झगड़ा करने लगे। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय, उप निरीक्षक प्रदीप कुमार, अमर कांत आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## बा स्कूलों में सीसीटीवी, सोलर व जेनसेट की व्यवस्था के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **बेसिक शिक्षा योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा**
- **निरीक्षण लक्ष्य के सापेक्ष 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने के आदेश**
- **अनुपस्थित शिक्षकों पर वेतन कटौती की चेतावनी**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों से जुड़ी योजनाओं व व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पठन संस्कृति, मध्यान्ह भोजन, निरीक्षण व्यवस्था और विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने एबीएसए से विद्यालयों में प्रतिदिन समाचार पत्र मंगाने और विद्यार्थियों को पढ़ाने की व्यवस्था की जानकारी ली। विद्यालयों में लाइब्रेरी विकसित करने के निर्देश दिए गए। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स और एबीएसए की ओर से फरवरी माह में किए गए निरीक्षणों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष 100 प्रतिशत निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण में अनुपस्थित पाए जाने वाले शिक्षकों के विरुद्ध वेतन काटने के निर्देश दिए गए। लंबित डीबीटी और आपार आईडी निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की समीक्षा में जनवरी माह में 10 दिन से अधिक अनुपस्थित छात्राओं की जानकारी ली गई। विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, रोटी मेकिंग मशीन की उपलब्धता और अन्य सुविधाओं की भी पड़ताल की गई। डीएम ने छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाशिंग मशीन, 10 केवी जेनसेट और ओपन जिम की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। सभी विद्यालयों में 25 केवी सोलर कनेक्शन स्थापित कराने और प्रत्येक कस्तूरबा विद्यालय का फेसबुक पेज बनाकर उसे एनआईसी वेबसाइट से लिंक करने के निर्देश दिए गए। बीएसए को प्रोजेक्ट मनन के अंतर्गत पर्सनालिटी डेवलपमेंट कक्षाओं के संचालन को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सीडीओ डॉ अपराजिता सिंह, बीएसए दिव्या गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## होली पर ट्रेनों में घर जाने वालों की भीड़ बढ़ी




होली को लेकर ट्रेनों में भीड़ बढ़ना शुरू। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं, स्पेशल ट्रेनों का टाइम टेबल चस्पा नहीं**

**अमृत विचार :** होली को लेकर ट्रेनों में भीड़ बढ़ना शुरु हो गयी है। जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं है। रेल प्रशासन ने स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है, लेकिन पूछताछ कार्यालय और टिकट घर पर ट्रेनों का चस्पा नहीं किया गया है।

होली का पर्व चार मार्च को है। लोगों ने दो माह पहले ट्रेनों में स्लीपर कोच में अपना रिजर्वेशन करा लिया था। होली के आस-पास श्रमजीवी एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, पंजाब मेल, बेगमपुरा एक्सप्रेस, पद्मावत एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, नौचंदी एक्सप्रेस, दिल्ली-अयोध्या एक्सप्रेस में डाउन लाइन में स्लीपर क्लास में वेटिंग काफी लंबी है। वेटिंग लंबी होने पर कन्फर्म टिकट होना मुश्किल है। यहां पर रिलायंस, कृभको फर्टिलाइजर, चीनी मिल, ओसीएफ, भट्टों आदि स्थान पर काफी संख्या में पूर्वांचल के लोग काम करते है। रिजर्वेशन न मिलने पर लोग अपने परिवार को पहले से घर भेजना शुरू कर दिया है। खुद होली के समय छुट्टी होने पर घरों के जाएगे। ट्रेन में जनरल कोच में पीछे से भीड़ आ रही है। यात्रियों ने बताया कि रेल प्रशासन ने स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है, लेकिन पूछताछ कार्यालय और टिकट घर पर स्पेशल ट्रेनों का टाइम टेबल चस्पा नहीं किया गया है। जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं है। कुल मिलाकर को होली को लेकर ट्रेनों में भीड़ बढ़ना शुरु हो गयी हैं।

## सुख-शांति के लिए मोहनपुर में ग्राम देवता की पूजा

संवाददाता, खुटार

- **पूजन के बाद बरोसी लेकर की गयी गांव की परिक्रमा**

**अमृत विचार:** खुटार के गांव मोहनपुर में रविवार रात को ग्राम देवता की पूजा की गई। यज्ञाचार्य द्वारा यज्ञ में यजमानों ने पूर्ण आहुति दी। पूजन के उपरान्त प्रसाद वितरण किया गया। ग्राम देवता की पूजा में समस्त क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

गांव मोहनपुर निवासी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि सुख-शांति के लिए गांव में हर साल ग्राम देवता की पूजा होती है। पूजा में सभी का सहयोग रहता है। रविवार को गांव में पूजा रखी गई थी। पूजा में यज्ञाचार्य पंडित चंद्रदेव पांडेय ने मंत्रोच्चारण कर यजवान रवि वर्मा, अभिषेक मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, रितेश मिश्रा, नितिन बाजपेई, मीनू मिश्रा, संजू तिवारी, सौरभ तिवारी, प्रशांत बाजपेई, कल्लू ने यज्ञ में पूर्ण आहुति दी। पूजा संपन्न होने के बाद बरोसी लेकर गांव के चारों तरफ परिक्रमा की गई। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। गांव की पूजा में व्यवस्थापक दीपू वाजपेई, अमित मिश्रा, रिंकू मिश्रा, विमलेश वर्मा, वीर वर्मा, मुनि शुक्ला एवं समस्त भक्तजनों का सहयोग रहा।



ग्राम देवता पूजन के दौरान हवन करते यजमान। ● अमृत विचार

## सामाजिक समरसता और शिक्षा के प्रबल समर्थक थे गाडगे

**पुवायां, अमृत विचार:** कस्बा पुवायां में राष्ट्र संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। शिक्षक वीरपाल के गीता सिटी स्थित आवास पर आयोजित समारोह में वक्ताओं ने उनके जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम संयोजक सुबोध कनौजिया एडवोकेट ने कहा कि संत गाडगे महाराज का जीवन सादगी, सेवा और समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने समाज को शिक्षा का महत्व समझाते हुए कहा था "कपड़े फटे हुए पहन लो, खाना टूटे बर्तन में खा लो, लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ।" कार्यक्रम में बृजेश कुमार (सदस्य जिला पंचायत), सुनील कुमार एआरपी, सुनील कुमार, मनोज कुमार, सुबोध भारती, पंकज दिवाकर, मिथिलेश आनन्द, राजेश बाबू, अमित बाबू, सुखदेव, राहुल शाक्य, अजीत गौतम एडवोकेट सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मेगा विधिक सहायता शिविर में विधि छात्रों ने की भागीदारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




गन्ना शोध परिषद के सभागार में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर को संबोधित करते जिला जज विष्णु कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

- **गन्ना शोध परिषद में जिला जज ने किया शिविर का आरंभ**

**अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन जनपद न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

गन्ना शोध परिषद के सभागार में शिविर का आरंभ करते हुए जिला जज शर्मा ने अपने सम्बोधन में वृहद मेगा शिविर का उद्देश्य बताया। शिविर में प्रशासन के 43 विभागों तथा एसएस लॉ कालेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। साथ ही जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आए जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा चिन्हित कमजोर वर्ग के लाभार्थियों, दिव्यांग अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्य, महिलाओं तथा बच्चों ने प्रतिभाग किया।

मेगा शिविर में पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण मोहम्मद रिजवान अहमद, तृतीय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नरेन्द्र कुमार, नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र, अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत सुदीप कुमार जायसवाल के साथ व अन्य न्यायिक अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ओम प्रकाश मिश्र व अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष कुमार सिंह ने किया। अंत में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदीप कुमार जायसवाल द्वारा किया।

गन्ना शोध परिसर में जिला कारागार के बंदियों द्वारा निर्मित तथा राजकीय बाल गृह (शिशु एवं बालक) के बालकों द्वारा तैयार किये गये विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी/स्टाल का फीता काटकर जनपद न्यायाधीश ने किया। प्रदर्शनी स्थल पर जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया।

## शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का आंदोलन तेज**
- **विद्यालयों, बीएलओ बूथों एवं बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर विरोध शुरू**

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों में 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए सेवा में बने रहने हेतु टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किए जाने के विरोध में शिक्षकों के आंदोलन में तेजी आ गई है। शिक्षकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर (एक्स) पर आक्रोश व्यक्त करते हुए जस्टिस फॉर टीचर हैशटैग से अभियान चलाया, जो लगातार चार घंटे तक प्रथम स्थान पर ट्रेंड करता रहा। आज सोमवार से आन्दोलन के द्वितीय चरण में तीन दिवसीय शिक्षकों ने विद्यालयों, बीएलओ बूथों एवं बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी के दौरान हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।




सोमवार को विद्यालय में ड्यूटी के दौरान काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी ने बताया कि प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठन टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले एकजुट होकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त वे शिक्षक, जिन्होंने नियुक्ति के समय सभी निर्धारित योग्यताएं पूर्ण कर चयन पाया, जो वर्षों से सेवा दे रहे हैं तथा सेवानिवृत्ति के निकट हैं, उन पर टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता थोपना न केवल अनियमित बल्कि उत्पीड़नात्मक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी शिक्षक माननीय न्यायालय का सम्मान करते हैं, किंतु वर्ष 2017 में सरकार द्वारा किए गए संशोधन का विरोध करते हैं, जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। शिक्षकों की मांग है कि उक्त संशोधन निरस्त किया जाए तथा टीईटी की अनिवार्यता केवल वर्ष 2011 के बाद नियुक्त शिक्षकों पर ही लागू हो।

घोषित कार्यक्रम के अनुसार 25 फरवरी तक शिक्षक अपने-अपने कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे। 26 फरवरी को जनपद के सभी शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एकत्रित होकर जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च करेंगे और प्रधानमंत्री को संबोधित मांग पत्र प्रेषित करेंगे। विरोध प्रदर्शन में प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह, जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र, जिला मंत्री देवेश बाजपेई, जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, डॉ विनय गुप्ता, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मंगरे लाल, जिला मंत्री विश्राम सिंह, बृजेश कुमार वर्मा समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहीं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002







स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल
हृदय रोग विशेषज्ञ
मो.9457833777

## न्यूज ब्रीफ

### सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन, दी श्रद्धांजलि

**तिलहर, अमृत विचार :** नगर के सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक शर्मा 75 का रविवार रात लंबी बीमारी के बाद उनके निजी निवास पर निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार पूर्वान्ह 11 बजे सरऊ श्मशान घाट पर किया जाएगा। बताया जाता है कि अशोक शर्मा काफी समय से बीमार चल रहे थे। वर्ष 2021 में कोरोना काल के दौरान उनकी पत्नी शोभा शर्मा का निधन हो चुका है। रविवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर उनके छोटे भाई अरविंद शर्मा उन्हें स्थानीय निजी अस्पताल ले गए, जहां देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके इकलौते पुत्र विवेक शर्मा पत्नी और बच्चों के साथ चार दिन पूर्व श्री रामेश्वरम धाम तीर्थ गए हुए थे। उनके सोमवार देर शाम लौटने के बाद मंगलवार को अंतिम संस्कार की तैयारी की गई।

### सीडीओ ने ब्लॉक का किया निरीक्षण

**संवाददाता, निगोही, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी ने आज ब्लॉक निगोही का औपचारिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। सीडीओ ने कर्मचारियों की हाजिरी रजिस्टर की जांच की और लेखा सहायक के अभिलेख भी देखे। फ्रीजर की जांच करने पर वह खराब मिला, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। इसके अलावा प्रेरणा कैंटीन का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाई गई कमियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई गई। सीडीओ ने निर्देश दिए कि सभी अधूरे कार्य समयबद्ध योजना बनाकर प्राथमिकता के आधार पर पूरे कराए जाएं।

### श्री रामकथा में बाल लीलाओं का वर्णन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्री लंगोटी वाले बाबा सेवा समिति की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्री रामकथा उत्सव के चतुर्थ दिवस पर प्रभु रामचंद्र की बाल लीलाओं तथा माता अहिल्या उद्धार प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा का रसपान कराने वाले कथाव्यास अंजनी शरण महाराज ने श्रद्धालुओं को रामचरित के विभिन्न प्रसंगों से भावविभोर किया। उन्होंने बाल रूप में प्रभु श्रीराम की लीलाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए माता अहिल्या के उद्धार की कथा सुनाई। नौ दिवसीय श्री रामकथा उत्सव 28 फरवरी तक चित्रा टॉकीज में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मंटू मिश्रा, नीरज शुक्ला और विनीत शुक्ला सपत्नीक यजमान के रूप में उपस्थित रहे।

# श्रद्धापूर्वक मनाई संत गाडगे बाबा की 150वीं जयंती

## बाबा ने दी अशिक्षा, पशुबलि, नशाखोरी आदि कुरीतियों को समाप्त करने की प्रेरणा, कार्यक्रम में शामिल हुए बड़ी संख्या में लोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** संत गाडगे जन कल्याण समिति के तत्वावधान में महानगर के लोधीपुर क्षेत्र स्थित गाडगे भवन में राष्ट्र संत गाडगे बाबा की 150वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। संस्थापक अध्यक्ष एवं अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य डॉ. दोदराम वर्मा ने संत शिरोमणि गाडगे बाबा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि वह देश के उत्कृष्ट समाज सुधारक, दीन -हीनों के मसीहा, स्वच्छता अभियान के आद्य प्रवर्तक गुरु एवं शिक्षा के प्रबल पक्षधर थे। गाडगे बाबा लोगों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर धार्मिक आडंबर, दहेज प्रथा, अशिक्षा, पशुबलि, नशाखोरी आदि कुरीतियों को समाप्त करने की प्रेरणा देते थे।

इससे पूर्व गाडगे बाबा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में रामनिवास यादव, शिव शंकर निराला, प्रिंस सागर, राजन सागर, आदित्य वर्मा, कुसुम लगा, रीतिका वर्मा , सुनीता कनौजिया, आशा गौतम, ममता तिवारी, सुप्रिय गौतम, सुमन सागर, आरती गौतम आदि रहे।



सोमवार को लोधीपुर क्षेत्र स्थित गाडगे भवन में संत गाडगे बाबा के चित्र पर पुष्पांजलि करते पदाधिकारी।




समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### बुद्ध विहार में शिक्षक संघ ने की गोष्ठी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** स्वच्छता के जनक महान संत गाडगे की जयंती को प्रांतीय अनुसूचित जाति - जनजाति बेसिक शिक्षक संघ शाखा शाहजहांपुर की ओर से पुवायां रोड स्थित बुद्ध विहार में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने की तथा संचालन महामंत्री विनोद कुमार ने किया। प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मगरे लाल ने कहा कि गाडगे बाबा ने झाड़ू, श्रमदान और पुरुषार्थ को अपना हथियार बनाया। प्रांतीय महामंत्री विश्राम सिंह और कोषाध्यक्ष सियाराम दिनकर ने बताया कि डॉ. अंबेडकर के संपर्क में आने के बाद गाडगे बाबा के विचारों में बड़ा परिवर्तन आया।

प्रांतीय मीडिया प्रभारी बृजेश कुमार और जिला संरक्षक अमर सिंह ने उन्हें आडंबर, अंधविश्वास और पाखंड का विरोधी बताया। जयंती समारोह में जिला उपाध्यक्ष लालमन गौतम, विनोद सम्राट, दिनेशपाल सिंह, राजीव वर्मा, वेदपाल सुमन, जितेंद्र कुमार, धनपाल, खुशीराम, महेंद्रपाल कठेरिया, अरविंद वर्मा, राजीव नेताजी, सुशील कुमार, धनपाल और रमेश चंद्र समेत अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे। अंत में जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई संत गाडगे जयंती

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● संत गाडगे जन कल्याण समिति ने किया गाडगे भवन में आयोजन

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर स्वच्छ भारत अभियान के प्रणेता एवं मानवता के महान उपासक संत शिरोमणि गाडगे की जयंती बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया।

सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि संत शिरोमणि गाडगे महाराज एक महान भारतीय संत और समाज सुधारक थे। उन्होंने शिक्षा, स्वच्छता, अंधविश्वास उन्मूलन और गरीबों की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि डॉ. बीआर अंबेडकर ने उन्हें ज्योतिबा फुले के बाद सबसे बड़ा त्यागी और जनसेवक बताया था। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि संत शिरोमणि गाडगे महाराज जी अपने कीर्तनों के माध्यम से वे ''दशसूत्री'' का उपदेश देते थे। इस मौके पर सपा जिला महासचिव रणंजय सिंह यादव, सपा नेता अनवर अली, प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, दोद राम वर्मा, लखन प्रताप सिंह, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा युवजन सभा के प्रदेश सचिन पार्थ यादव, हफीज अंसारी, संजीव मौर्य, दिनेश कनौजिया आदि मौजूद रहे।

### देश की धरोहर मानकर बच्चों का करें सर्वांगीण विकास

**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के संयुक्त सचिव अमित निर्मल की अध्यक्षता में सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम श्री विद्यालयों के योजनाओं को तय समय पूरा करने, बजट और गुणवत्ता के साथ जमीनी स्तर पर उतारने के लिए समीक्षा की गयी।

बैठक में पीएम श्री विद्यालयों में छात्र एवं छात्राओं को दी जाने वाली सुविधाओं की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। संयुक्त सचिव ने बच्चों के कौशल विकास, व्यावसायिक विकास, विद्यालयों में कंप्यूटर लैब की स्थिति, जल संचयन, सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग, खेल व्यवस्थाएं, यूथ इको क्लब, गाइडेंस एंड करियर काउंसलिंग मेला, टीचिंग लर्निंग मटेरियल, बौद्धिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, कॉम्पिटेंसी बेस्ड एसेसमेंट, स्कूल बैंड सहित अन्य व्यवस्थाओं पर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को इस भावना से पढ़ाएं और बढ़ाएं कि हम लोग देश के भविष्य का विकास कर रहे हैं। बच्चों का विकास देश की एक धरोहर मानकर करें। बच्चों को नियमित रूप से किताबें, स्कूल ड्रेस मिलती रहे। बच्चों के बौद्धिक और मानसिक विकास के लिए नियमित काउंसलिंग की व्यवस्था बनी रहे।

## स्मार्ट मीटर पखवाड़े का समापन उपभोक्ताओं को मिलीं सहूलियतें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● अभियान के तहत 25 उपखंडों पर स्थापित किए गए केंद्र

**अमृत विचार :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा 9 फरवरी से शुरू हुआ स्मार्ट मीटर पखवाड़ा 23 फरवरी को पूरा हो गया है। इस दौरान लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं और पीलीभीत में व्यापक स्तर पर उपभोक्ता जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन 25 उपखंडों पर सहायता केंद्र स्थापित किए गए। लखनऊ में करीब 4700, बरेली में 3200, शाहजहांपुर में 2357, पीलीभीत में 1132 और बदायूं में करीब 2700 उपभोक्ताओं ने सहायता केंद्रों पर पहुंचकर स्मार्ट मीटर से जुड़ी जानकारी प्राप्त की और अपनी समस्याओं का समाधान कराया। पखवाड़ा के दौरान उपभोक्ताओं को कई प्रकार की सहूलियतें प्रदान की गईं। हेल्प डेस्क के साथ उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, रिचार्ज प्रक्रिया और बिलिंग प्रणाली की जानकारी दी गई। उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन में ऐप इंस्टॉल कराकर उन्हें बिजली खपत की रियल टाइम मॉनिटरिंग और ऑनलाइन रिचार्ज की सुविधा से अवगत कराया गया। स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों को मौके पर ही सुना और निस्तारित किया गया। निगम ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने अपने घरों में स्मार्ट मीटर लगवाकर इस सुविधा का लाभ उठाएं और डिजिटल व्यवस्था को अपनाने में सहयोग करें। उत्तर प्रदेश में 3 करोड़ 9 लाख 78 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर इंस्टॉल किए जाने हैं। जिनमें से 83 लाख 92 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर इंस्टॉल किए जा चुके हैं।

स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को वास्तविक समय की बिजली खपत की जानकारी प्रदान करते हैं, जिससे वे अपनी खपत पर नजर रख सकते हैं। स्मार्ट मीटर से गलत बिजली बिल की संभावना नहीं रहती है। उपभोक्ताओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी खपत पर नजर रखने की सुविधा मिलती है। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर में लोड मैनेजमेंट की सुविधा भी है, जो अधिक बिजली खपत होने पर उपभोक्ताओं को अलर्ट कर देती है।

### कार की टक्कर से टेंपो खाई में पलटा तीन घायल

**तिलहर, अमृत विचार:** तिलहर-निगोही मार्ग पर कुदकापुर मोड़ के पास कार की टक्कर से टेंपो सड़क किनारे खाई में पलट गया। महिलाओं सहित तीन लोग घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पीछे से आ रही कार ओवरटेक करने के दौरान टेंपो से टकरा गई। टक्कर लगते ही टेंपो लहराता हुआ सड़क किनारे खंती में पलट गया। टेंपो के नीचे दबे लोगों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और वाहन हटाकर घायलों को बाहर निकाला। घायलों की पहचान नाथूलाल पुत्र गंगाराम, पार्वती पत्नी नाथूलाल और रामदेवी पत्नी वीरपाल निवासी गांव चौड़ेरा चौड़ेरी के रूप में हुई है। सरकारी एंबुलेंस सेवा 108 की मदद से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

## पेपर देकर लौट रहे छात्र पर धारदार हथियार से हमला, गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● इंटरमीडिएट की परीक्षा देकर लौट रहा था युवक, पुरानी रंजिश में किया गया हमला

**अमृत विचार:** कनौजिया अस्पताल के निकट एक छात्र को धारदार हथियार से घायल कर दिया। घायल छात्र परीक्षा देकर घर लौट रहा था। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने घायल छात्र को मेडिकल कालेज भेज दिया।

चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तीन खंभों वाली गली निवासी 18 वर्षीय हिमांशु तिवारी इस साल इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहा है। उसका सेंटर चौक कोतवाली क्षेत्र में एक इंटर कालेज में पड़ा है। सोमवार की दूसरी पाली में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक उसका पेपर था। वह पेपर देकर शाम छह बजे पैदल लौट रहा था। कनौजिया अस्पताल के निकट तीन लोगों ने उसे घेर लिया और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने छात्र को धारदार हथियार से घायल कर दिया। घायल छात्र ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर गली से भाग गए। घायल छात्र जमीन पर गिर गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल छात्र को लेकर मेडिकल कालेज गए।

जहां उसका इलाज जारी है। बताते हैं कि कुछ दिन पहले घायल छात्र का आरोपियों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी रंजिश के तहत छात्र को घायल किया है। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर छात्र को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायल छात्र।

## तेजस भदौरिया का यात्रा-वृत्तांत राष्ट्रीय ई-मैगजीन में प्रकाशित

संवाददाता, शाहजहांपुर

● एनसीईआरटी की 'सपनों की उड़ान' में मिला स्थान

● 'वोकल फॉर लोकल : शाहजहांपुर' को सर्वश्रेष्ठ घोषित

**अमृत विचार:** श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 8 के छात्र तेजस भदौरिया द्वारा लिखित यात्रा-वृत्तांत को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया है। उनका लेख अक्टूबर 2025 के अंक 9 "सपनों की उड़ान" में प्रकाशित हुआ है। यह ई-मैगजीन एनसीईआरटी और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से प्रकाशित की जाती है।

'वोकलफॉर लोकल : शाहजहांपुर' शीर्षक से लिखे गए यात्रा-वृत्तांत का चयन सजीव वर्णन, आकर्षक प्रस्तुति व शाहजहांपुर की संस्कृति, भोजन तथा वीरतापूर्ण विविधता पर गहन दृष्टि के लिए किया गया। लेख में शहर की विशेषताओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने बधाई दी। सचिव अशोक अग्रवाल और प्रधानाचार्या डॉ. मेघना मेहंदीरत्ता ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



राष्ट्रीय ई-मैगजीन में प्रकाशित लेख के साथ छात्र तेजस भदौरिया।

## पंचायत में 13 मार्च को जेल भरो का ऐलान

● भारतीय कृषक दल की किसान पंचायत, 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

● आवारा गोवंश, धान खरीद घोटाला और कृषि डील पर उठी आवाज

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** भारतीय कृषक दल की ओर से तिलहर चीनी मिल ग्राउंड में किसान पंचायत आयोजित की गई। समग्र क्रांति जनजागरण अभियान के तहत बुलाई गई इस पंचायत में आवारा गोवंश, धान खरीद में घोटाला और अमेरिका से कृषि डील समेत कई ज्वलंत मुद्दों को उठाया गया।

किसान पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज दीक्षित एडवोकेट ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का समर्थन मूल्य एमएसपी के आधार पर नहीं मिल रहा और उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। किसान पंचायत के संयोजक और राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद यादव ने बताया कि 23 फरवरी से एक माह तक गांव-गांव सत्याग्रह चलेगा। इसकी शुरुआत 24 फरवरी से शाहजहांपुर से होगी और एक माह बाद 23 मार्च को खिरनी बाग शाहजहांपुर में किसान पंचायत के साथ जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर जिलाधिकारी को संबोधित 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन तहसीलदार दीपेंद्र कुमार को सौंपा गया। कार्यक्रम में बरेली मंडल अध्यक्ष राजीव सक्सेना, प्रदेश सचिव संजय शर्मा, जिलाध्यक्ष भानुप्रताप गंगवार, मंडल उपाध्यक्ष रजनीश यादव, जयपाल, पुष्पराज सिंह यादव, सरदार, हरिप्रीत सिंह लाली, जीशन रजा और सतेंद्र चौधरी ने भी किसानों को संबोधित किया। संचालन आचार्य विजय पाल यादव ने किया।



तिलहर चीनी मिल ग्राउंड में आयोजित किसान पंचायत में पदाधिकारी।

## 'यादव जी की लव स्टोरी' का विरोध

● हिंदू संगठनों ने की 27 फरवरी के प्रस्तावित प्रदर्शन पर रोक की मांग

● ट्रेलर और पोस्टर में समाज की गलत छवि का आरोप

● जांच पूरी होने तक फिल्म रोकने और प्राथमिकी की मांग

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' के प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन के बाद एसडीएम प्रभात राय को ज्ञापन सौंपकर 27 फरवरी को प्रस्तावित प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की।

अखिल भारतीय युवा शक्ति संगठन, वीर अहीर निर्माण सेवा और राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि फिल्म के ट्रेलर, पोस्टर और सोशल मीडिया सामग्री में यादव समाज को आपत्तिजनक और गलत तरीके से दिखाया गया है। इससे समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं।

ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि बिना जांच फिल्म रिलीज होने पर सामाजिक वैमनस्य बढ़ सकता है, समुदायों के बीच शांति भंग हो सकती है। साथ ही कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है। संगठन ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने और फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अर्पित भामाशाह एडवोकेट, पीयूष यादव, दीपेंद्र यादव, गोविंद यादव, सचिन यादव सहित विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता शामिल रहे।



फिल्म के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हिंदू संगठन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## नो-मैपिंग में ढिलाई पर डीएम सख्त अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश व सुपरवाइजर विकास पाण्डेय से जवाब मांगा

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी - जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में 135 विधानसभा सदर के ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजरों और पंचायत सचिवों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत नो-मैपिंग मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई को लेकर कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में बैठक हुई।

समीक्षा के दौरान विधानसभा सदर में नो-मैपिंग कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ने आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश और सुपरवाइजर विकास पाण्डेय से स्पष्टीकरण तलब किया। वहीं अधिशासी अभियंता सिंचाई देवेंद्र कुमार सहाय की प्रगति अत्यंत खराब पाए जाने और बैठक में अनुपस्थित रहने पर भी उनसे स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नो-मैपिंग मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई प्राथमिकता पर शीघ्र पूरी कराई जाए। लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी से संबंधित कार्य निरंतर किया जाए और बीएलओ की ओर से मतदाताओं के आवश्यक दस्तावेज ऐप पर अपलोड कर समयबद्ध तरीके से प्रक्रिया पूरी की जाए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी - अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### ट्रैफिक सिपाही से तीन शराबियों ने की अभद्रता, हिरासत में लिया

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हरदोई बाईपास चौराहे पर ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल की गाड़ी को नशे में धुत्त बाइक सवार तीन लोगों ने टक्कर मार दी। गनीमत रही कि चोट नहीं आई। हेड कांस्टेबल ने विरोध किया तो आरोपियों ने अभद्रता करना शुरू कर दी। तीनों हेड कांस्टेबल को पकड़कर पुलिस बूथ के अंदर ले गए और हाथापाई पर आमादा हो गए। पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया। सोमवार को हरदोई बाईपास चौराहे पर हेड कांस्टेबल ओमेंद्र सिंह ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात थे। तभी शहर की ओर से एक बाइक पर सवार होकर आ रहे तीन लोगों ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक गिर गई और हेलमेट छिटक कर दूर जा गिरा। जब हेड कांस्टेबल ने तीनों को रोका तो अभद्रता करने लगे। तीनों ओमेंद्र को जबरन पुलिस बूथ के अंदर ले गए और हाथापाई पर आमादा हो गए। हेड कांस्टेबल ने जैसे तैसे उन्हें संभाला और आरसी मिशन पुलिस को फोन किया। सूचना पर एसआई विक्रम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर आ गए। उन्होंने तीनों को हिरासत में ले लिया और थाने ले गए। पुलिस ने आरोपियों की बाइक को कब्जे में ले लिया। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### होलिका दहन स्थल पर अतिक्रमण से बहेरिया में रोष

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बहेरिया गांव में पारंपरिक होलिका दहन स्थल पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने निर्धारित होलिका दहन स्थल पर पक्का चबूतरा बनाकर कब्जा कर लिया है, जबकि करीब 50 वर्षों से उसी स्थान पर होलिका दहन होता चला आ रहा है। इसे लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार विरोध करने पर संबंधित पक्ष की ओर से सड़क पर होलिका दहन करने की बात कही गई। ग्रामीणों ने इसे खतरनाक बताते हुए कहा कि सड़क पर दहन से आवागमन बाधित होगा और ऊपर से गुजर रही बिजली की बंच लाइन के क्षतिग्रस्त होने का खतरा भी रहेगा। मामले को ग्रामीणों ने थाना दिवस और सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी उठाया है। प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

### ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से दो युवक गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**तिलहर, अमृत विचार :** सोमवार देर शाम नगर के बाईपास चौराहे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल ट्रैक्टर के अगले हिस्से में फंसकर दूर तक घिसटती चली गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने ट्रैक्टर के नीचे फंसे युवकों को बाहर निकाला और नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों की पहचान कमलेश कुमार वर्मा पुत्र रामविलास वर्मा और अमित वर्मा पुत्र हरिराम वर्मा निवासी ग्राम नवादिया धूसर के रूप में हुई है। दोनों की हालत गंभीर बताई गई है। ट्रैक्टर ट्राली चालक को भी अस्पताल लाया गया। अस्पताल पहुंचने पर घायलों के साथियों ने नाराजगी जताते हुए हंगामा किया, जिसे सिक्योरिटी गार्ड ने समझाकर शांत कराया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवकों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है।

### उमेश चंद्र सिंह बने अध्यक्ष कुलदीप दीपक चुने गए सचिव

**संवाददाता, शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्रवाह साहित्यिक संस्था की फरवरी माह की गोष्ठी सुशील दीक्षित विचित्र के निवास पर आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत गीतकार कुलदीप दीपक ने मां सरस्वती की वंदना से की। अध्यक्षता चंद्रशेखर दीक्षित मां ने की। वीणापाणि पूजन के बाद उन्होंने वृक्षों के अंधाधुंध कटान पर आधारित गीत सुनाया, जिसे श्रोताओं ने सराहा। आयोजक सुशील दीक्षित विचित्र ने समाज और राजनीति की दोहरी मानसिकता पर व्यंग्य प्रस्तुत किया। डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री, उमेश चंद्र सिंह, कुलदीप दीपक, राजीव सिंह की कविताओं को सराहना मिली। वीर रस के कवि चंद्रमोहन पाठक ने राष्ट्रभाव से ओतप्रोत कविता सुनाई। अरुण दीक्षित अनभिज्ञ ने जीवन के शाश्वत सत्य पर आधारित रचना प्रस्तुत की। पीयूष शर्मा ने वृक्षों की पीड़ा को स्वर दिया, जबकि विवेक राज के सारगर्भित दोहे श्रोताओं को खूब भाए। कार्यक्रम के दौरान संस्था की कार्यकारिणी में फेरबदल करते हुए उमेश चंद्र सिंह को अध्यक्ष और कुलदीप दीपक को सचिव चुना गया। अंत में पुष्कर दीक्षित और विनीता त्रिवेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### यूपी बोर्ड परीक्षा हाई स्कूल अंग्रेजी में 2693 छात्र रहे अनुपस्थित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कंट्रोल रूम प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि सोमवार को यूपी बोर्ड की प्रथम पाली में हाई स्कूल की अंग्रेजी परीक्षा में कुल पंजीकृत 42463 छात्रों में से 39770 छात्रों में परीक्षा दी। जबकि 2693 छात्र गैर हाजिर है। वहीं प्रथम पाली में ही इंटरमीडिएट की व्यावसायिक विषय के तृतीय प्रश्न पत्र में कुल पंजीकृत 313 में से 311 में परीक्षा दी। जबकि दो छात्र अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की गणित व जीव विज्ञान की परीक्षा में कुल 20813 छात्रों में से 19744 छात्रों में परीक्षा दी। जबकि 1069 छात्रों में परीक्षा छोड़ दी। आज डीआईओएस हरिवंश कुमार, जीआईसी प्रिंसिपल अनिल कुमार, डायट प्राचार्य सोनी गुप्ता आदि के नेतृत्व में सचल दलों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सचल दलों ने परीक्षा को बोर्ड नियमों के अनुसार होता हुआ पाया।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 फरवरी 2026, रविवार
22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# 2265 स्थानों पर होगा होलिका दहन, ड्रोन से की जाएगी निगरानी

## त्योहार को लेकर प्रशासन व पुलिस की ओर से किए जा रहे सुरक्षा के इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- होली के मद्देनजर जोन और सेक्टर में बांटा जाएगा जनपद
- सुपर जोन में एडीएम और सेक्टर में एसडीएम संभालेंगे जिम्मेदारी

**अमृत विचार:** होली नजदीक आते देख प्रशासन और पुलिस की ओर से जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम शुरू कर दिये हैं। होली पर जनपद को जोन और सेक्टरों में बांटा जाएगा। मुख्य पर्व के दौरान संवेदनशील इलाकों में खुराफाती तत्वों पर ड्रोन से नजर रखी जाएगी।

होली का पर्व एक मार्च से शुरू हो जाएगा। इस बार यह त्योहार तीन दिनों तक मनाया जाएगा। दो मार्च को पूजन के बाद चार मार्च को रंग खेला जाएगा। जिले भर में 2265 स्थानों पर होलिका दहन होगा। होली और रमजान के चलते प्रशासन की ओर से पहले ही धारा 144 लागू कर दी गयी है। त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके, इसके लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रशासन की ओर से होली त्योहार के दौरान जनपद को दो सुपर जोन और सात सेक्टर में विभक्त किया जाएगा। सुपर जोन की कमान एडीएम प्रशासन और वित्त के हाथों में रहेगी।

वहीं सेक्टर में सिटी मजिस्ट्रेट और संबंधित तहसीलों के एसडीएम को सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी दी जाएगी। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जाएगी। प्रशासन की ओर से चौकीदारों व स्थानीय लोगों से त्योहार पर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने और किसी भी छोटी-बड़ी घटना की तत्काल सूचना देने के लिए अपील की है। साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आमजन से सहयोग मांगा गया है।

### थानों में हो रही पीस कमेटी की बैठक

इस बार होली के साथ साथ रमजान भी चल रहे हैं। त्योहार पर खुराफाती तत्वों के द्वारा माहौल खराब करने की कोशिश हो सकती है। इन परिस्थितियों से निपटने के लिए डीएम व एसएसपी के आदेश पर जनपद के थाना परिसरों में संबंधित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संभ्रांत लोगों के साथ बैठककर शांति का माहौल कायम रखने की अपील की जा रही है।

> होली त्योहार पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। शहर सहित तहसील स्तर पर मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से भारी मात्रा में पुलिस बल भी तैनात रहेगा। त्योहार पर जनपद की शांतिभंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।
>
> **अरुण कुमार**, एडीएम प्रशासन

### बिना सूचना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे अधिकारी

जनपद में संबंधित बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। एसआईआर का कार्य भी तेजी से निपटाया जा रहा है। इसी बीच होली का त्योहार भी हैं। इसके चलते डीएम ने अधिकारियों को मुख्यालय न छोड़ने के आदेश दिए हैं। आदेश में कहा है कि विषम परिस्थितियों में छुट्टी की आवश्यकता पर उनकी अनुमति आवश्यक है।

# होली पर नहीं होगी बिजली कटौती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पुराने शेड्यूल से मिलेगी ट्यूबवेल को बिजली
- सख्ती के साथ शेड्यूल लागू कराने के निर्देश।

**अमृत विचार :** होली पर बिजली व्यवस्था को सुचारू रखने को उच्चाधिकारियों ने विभाग को निर्देशित किया है। अधूरे मरम्मत कार्य को जल्द पूरा कराएं। निजी ट्यूवबैलों को पुराने शेड्यूल से बिजली दी जाए जिससे किसानों को फसलों की सिंचाई की दिक्कत न हो।

बिजली विभाग गर्मियों में निर्बाध बिजली देने को अनुरक्षण कार्य कर रहा है। शहर कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली घरों पर मरम्मत कराई जा रही है। इसी बीच सोमवार को विभागीय उच्चाधिकारियों ने निर्देश दिये कि होली के त्यौहार पर उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी न हो। कटौती पर रोक लगाएं और बिजली की लाइनों को ठीक कर शेड्यूल से बिजली दें। सभी बिजली घरों को हिदायत दी गयी है कि जहां भी मरम्मत कार्य अधूरा है, दो दिन के अंदर पूरा कर लें। पीसीवी बदलने के दौरान शटडाउन लिया जाए।

अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि होली पर उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली देने के आदेश हैं। इसलिए बिजली घरों पर तेजी से काम करने को कहा गया है। बिसौली में दो दिन तक मरम्मत का कार्य बिजली घर पर किया गया। बिनावर और सलारपुर पर भी काम होना है जबकि अन्य बिजली घरों पर काम पूरा कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि निजी ट्यूवबैलों को पुराने शेडयूल के अनुसार बिजली देने को कहा गया है। जिससे किसानों की गेहूं की फसल में समय से पानी लगाया जा सके। कहीं से शिकायत मिलती है तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

### एक सप्ताह में ठीक किए गए दो सौ ट्रांसफार्मर

हाइडिल स्थित कार्यशाला में सोमवार को 31 खराब ट्रांसफार्मर ठीक किए गए। जो खराब ट्रांसफार्मर यहां आ रहे हैं उन्हे 24 घंटे में ठीक करने को कहा गया है। ताकि समय पर ट्रांसफार्मर लगाया जा सके। कार्यशाला में एक सप्ताह में दो सौ से अधिक ट्रांसफार्मर ठीक किए गए हैं। उच्चाधिकारियों के निर्देश हैं कि कार्यशाला में रखे सभी खराब ट्रांसफार्मर ठीक किए जाएं।

> गर्मियों में बिजली का लोड अधिक बढ़ जाता है जिससे ट्रांसफार्मर जल्द फुंकते हैं। उन्हें ठीक कराया जा रहा है। होली पर उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिलेगी। सभी बिजली घरों को निर्देशित कर दिया गया है। निजी ट्यूवबैलों को पुराने शेडयूल से बिजली दी जाएगी।
>
> **चंद्रशेखर कुमार सिंह**-अधीक्षण अभियंता



# किसानों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय घेरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



धरना प्रदर्शन करते भाकियू कार्यकर्ता ● अमृत विचार

- किसानों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय घेरा
- मनमानी का लगाया आरोप, किसानों ने दी चेतावनी

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली गैर राजनैतिक ने बिजल विभाग के अधीक्षण अभियंता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। किसानों का आरोप है कि अधीक्षण अभियंता जनता की बात नहीं सुनते हैं। मनमानी करते हैं जिससे जिले के किसानों को परेशानी हो रही है।

सोमवार को भाकियू असली गैर राजनीतिक नेअधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता जसवीर सिंह यादव ने की और संचालन हरिश पटेल ने किया। महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष पूनम गुप्ता ने कहा कि अधीक्षण अभियंता का जनता के प्रति व्यवहार गलत है, हिटलर शाही है। इससे किसानों को परेशानी हो रही है।

जिला अध्यक्ष केपीएस राठौर ने आरोप लगाया कि सलारपुर बिजली घर पर एसडीओ लोगों से अवैध वसूली कर रहे हैं। ग्राम गुरपुरी विनायक में बिजली की लाइन टूटी दिखाकर बिना इंस्ट्रूमेंट के पैसे लेकर लाइन को पीछे हटा दिया। इनकी जांच करा कर कार्रवाई होनी चाहिए। नहीं तो संगठन एसडीओ कार्यालय का घेराव करके तालाबंदी करेगा। युवा जिला अध्यक्ष जसवीर सिंह यादव ने भी विचार व्यक्त किये।

इस मौके पर जसवीर सिंह यादव, राजपाल सिंह, अशोक पटेल, गजेंद्र यादव, बबलू यादव, हरबंस पटेल, महेश चंद्र, परमेश्वरी सिंह, द्वारिका सिंह, खान बहादुर, कमल गुप्ता, डॉक्टर साहब सिंह, अनूप सागर, मोहम्मद वसीम गद्दी, सालिम गद्दी, ऋषिपाल सिंह, बागेश यादव, कलेक्टर सिंह यादव, रामेंद्र सिंह यादव, कल्लू वाल्मीकि सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# होली में सुरक्षा को लेकर सख्ती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



प्लेटफार्म पर तैनात महिला कांस्टेबल ● अमृत विचार

- रेलवे स्टेशन पर मौजूद रहेंगे आधा दर्जन कांस्टेबल
- जीआरपी को मिले 11 नए सिपाही, रात को होगी पहरेदारी

**अमृत विचार :** होली को लेकर रेलवे ने सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी है। रेलवे स्टेशन पर अब हर समय आधा दर्जन पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। जीआरपी को 11 नए कांस्टेबल मिले हैं जिनकी अलग अलग ड्यूटी लगाई गयी है।

होली के पर्व से चार दिन पूर्व ही रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं। रेलवे स्टेशन पर अब 12-12 घंटे की शिफ्ट में पुलिसकर्मी ड्यूटी करेंगे। ताकि किसी भी समय प्लेटफार्म पर यात्रियों को दिक्कत न हो। अब तक जीआरपी थानाध्यक्ष द्वारा दो-दो कांस्टेबलों की ड्यूटी प्लेटफार्म पर लगाई जाती थी जिससे दोनों प्लेटफार्म पर यात्रियों को सुरक्षा नहीं मिल पा रही थी। होली के त्यौहार पर यात्रियों की भीड़ ट्रेनों में अधिक रहती है।

सोमवार को जीआरपी थाना प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आज उन्हे 11 और कांस्टेबल मिले हैं जिनकी डयूटी लगाई गयी है। कछला, उझानी और शेखूपुर रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षाकर्मी बढ़ाए गए हैं। जिला मुख्यालय को छह पुलिसकर्मी दिए गए हैं जबकि पांच पुलिसकर्मी उझानी, कछला और शेखूपुर रेलवे स्टेशनों पर दिए गए हैं। बताया कि रेलवे स्टेशन पर हर समय आधा दर्जन पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। सभी को 12-12 घंटे की ड्यूटी करनी है।

### दोनो प्लेटफार्म पर मौजूद रहेंगे पुलिसकर्मी

महिला कांस्टेबलों को दिन में ड्यूटी पर लगाया जाएगा जबकि पुरुष कांस्टेबलों को रात में लगाया जाएगा। प्लेटफार्म एक और दो पर अलग-अलग पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इधर रेलवे स्टेशन के बाहर गेट के आस पास दुकानों की निगरानी की जाएगी। जिससे यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो। पार्किंग में ही वाहन खड़े कराने को कहा गया है।

# हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित

**बदायूं, अमृत विचार:** ब्लॉक कादरचौक के बीआरसी असरासी पर हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम हुआ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्री-प्राइमरी (आंगनवाड़ी) और प्राथमिक शिक्षा के बीच समन्वय स्थापित योजनाओं पर चर्चा की गई। खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

सीएम फेलो ऐश्वर्या पांडे ने कहा कि इसका उद्देश्य आंगनवाड़ी को बाल वाटिका के रूप में विकसित कर 3-14 वर्ष के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है। सीडीपीओ दिलीप कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्य गतिविधियां खेल-खेल में सीखने पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षकों के बीच तालमेल भी जरूरी है। इस मौके पर बृजेश कुमार यादव, ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र कुमार राजपूत, सर्वेश कश्यप, एआरपी शैलेंद्र व रत्नेश कुमार आदि सहित अन्य उपस्थित रहे।

# छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने को लगायी हुनर हाट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं





प्रतियोगिता के बाद मौजूद विजेता छात्राएं और महाविद्यालय प्रबंधन।

- युवा महोत्सव रम्य के अंतर्गत राजकीय महिला महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** राजकीय महिला महाविद्यालय में युवा महोत्सव रम्य के अंतर्गत हुनर हाट का आयोजन किया गया। यह आयोजन छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम है। इसके तहत छात्राओं की अंतर्निहित प्रतिभा को पहचानकर उन्हें सृजनात्मक व उद्यमिता की दिशा देने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में राजकीय महिला महाविद्यालय के अलावा गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय, सहसवान के राजकीय संघटक महाविद्यालय, उझानी के एपीएम पीजी कॉलेज व बांके बिहारी पीजी कॉलेज की छात्राओं ने प्रतिभाग करके अपने बनाए हस्तशिल्प व उपयोगी वस्तुओं का प्रदर्शन और बिक्रय किया। प्रतियोगिता के लिए लगाए स्टाल में एपीएम पीजी कॉलेज को पहला, बांके बिहारी कन्या पीजी कॉलेज और सहसवान के राजकीय को दूसरा और गिंदो देवी महिला महाविद्यालय को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

प्राचार्य डॉ. वंदना ने कहा कि हुनर हाट जैसे आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास, सृजनात्मक और स्वरोजगार की भावना को सुदृढ़ करते हैं। मुख्य अतिथि महिषा सिंह ने छात्राओं को अपने हुनर को निरंतर निखारने और उसे व्यावसायिक रूप देने को प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि प्रतिभा गुप्ता ने छात्राओं की बनाई वस्तुओं की सराहना की। जिला कौशल विकास अधिकारी मोहम्मद एहतेशाम आलम ने योजनाओं की जानकारी दी।

छात्राओं से योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। सालारपुर आईटीआई के प्राचार्य एसके वार्ष्णेय, डॉ. सरला चक्रवर्ती, डॉ. शुभ्रा माहेश्वरी, अवनीशा, डॉ. अर्चना पांडेय, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. बृजेश कुमार, डॉ. ऋषभ, सरिता गौतम, रोहित कुमार, राजीव पाली, अफसाना खातून, प्रीति, दीप्ति गुप्ता, करुणा रस्तोगी, वीना रस्तोगी, भावना जयंत, प्रेमराज आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ. भावना सिंह ने किया।

# डीएम ने किया बरेली मथुरा हाईवे का निरीक्षण

**बदायूं, अमृत विचार:** डीएम अवनीश राय ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बरेली-मथुरा एनएच हाईवे 530 बी का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षात्मक उपायों को बढ़ाने के लिए कहा। इसके अलावा डीएम ने 166 किलोमीटर से 179 किलोमीटर, बदायूं बाईपास तक का निरीक्षण किया।

परियोजना निदेशक एनएचएआई उत्कर्ष शर्मा ने डीएम को बताया कि प्रथम पैकेज की लागत ढाई हजार करोड़ है। जिसका कार्य पूर्ण हो गया है। द्वितीय पैकेज 1200 करोड का 55 प्रतिशत कार्य, तृतीय पैकेज 1100 करोड़ का 16 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। चतुर्थ पैकेज की लागत करीब 700 करोड़ रुपए है। जिसका 06 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है।

# छह विकास खंडों में अटके दो से अधिक नवीन मान्यता के प्रकरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 31 जनवरी को होना था निस्तारण, अभी तक ब्लॉकों पर रुकी है मान्यता की फाइल

**अमृत विचार:** हर साल बेसिक शिक्षा विभाग में नवीन मान्यता के लिए आवेदन किए जाते हैं। शासन की ओर से मान्यता के लिए आवेदन करने को ऑनलाइन व्यवस्था बनाई है। इस बार भी दो सौ से अधिक नवीन मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन किए गए हैं। इन आवेदनों पर खंड शिक्षा अधिकारियों के द्वारा स्थलीय सत्यापन के बाद रिपोर्ट बीएसए स्तर पर भेजी जाती है। खंड शिक्षा अधिकारियों को 31 जनवरी तक स्थलीय सत्यापन करने के बाद रिपोर्ट बीएसए स्तर पर भेजी जानी थी। लेकिन जगत, म्याऊं, समरेर, सहसवान, कादरचौक सहित छह ब्लॉकों पर अभी दो से अधिक नवीन मान्यता के प्रकरण अटके हुए हैं। जिसका संज्ञान शासन स्तर पर लिया गया। शासन स्तर से बीएसए से नाराजगी प्रकट की। साथ ही खंड शिक्षा अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए प्रकरणों का निस्तारण करने के आदेश जारी कर दिए। शासन स्तर से मिले निर्देश पर बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही जल्द मान्यता संबंधी प्रकरण निस्तारण करने के आदेश दिए हैं।

बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एसआईआर में शिक्षकों और खंड शिक्षा अधिकारियों की ड्यूटी लगी है। काम की अधिकता के कारण कुछ फाइलें ब्लॉक स्तर पर लंबित हैं। खंड शिक्षा अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है।

# धार्मिक भेदभाव का आरोप, बदायूं मारपीट मामले में राजनीति गरमाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एआईएमआईएम के प्रदेश महासचिव ने एडीजी से मिलकर कार्रवाई की मांग की
- मुस्लिम पहचान के आधार पर हिंसा का आरोप, बोले-शांति के लिए कार्रवाई जरूरी

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी ने 15 फरवरी को बदायूं जिले के रुदायन कस्बे में हुई विवादित घटना को धार्मिक विद्वेष का मामला बताते हुए एडीजी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

एडीजी कार्यालय पहुंचे नदीम कुरैशी ने आरोप लगाया कि घटना वाले दिन दोपहर में आरिफ, जावेद और अब्दुल सलाम नामक तीन मुस्लिम व्यक्ति मुख्य मार्ग से गुजर रहे थे, तभी पीछे से आए अक्षय उर्फ छोटू नामक युवक ने उन्हें उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर रोका और मारपीट की। सामने आए वीडियो में आरोपी को कथित रूप से धार्मिक टिप्पणी करते हुए टोपी उतारने को कहते हुए भी देखा गया है। इसे लेकर मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हुईं। कहा कि यह कृत्य सिर्फ मारपीट का नहीं, बल्कि समाज के एक विशेष समूह के प्रति घृणा और नफरत फैलाने का प्रयास है। उन्होंने एडीजी से दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि ऐसे घटनाक्रम कानून व्यवस्था और सामाजिक सद्भाव के लिए गंभीर चुनौती हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि घटना के समय कई लोग मौके पर मौजूद थे। उनसे जानकारी करने पर पता चला है कि आरोपी ने न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया बल्कि पीड़ितों के साथ शारीरिक तौर पर भी दुर्व्यवहार किया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन राजनीतिक और सामाजिक संगठनों की ओर से इसे घृणा अपराध और सांप्रदायिक भड़काऊ घटना बताया जा रहा है। चेतावनी दी शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वह लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को बाध्य होंगे।

कार्यक्रम | हार्दिक सहयोग की निर्मल भावना रखने के साथ खेल प्रेमी थे आईपीएस केवल

# सहयोग की भावना व खेल प्रेमी थे आईपीएस केवल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं





- दिवंगत आईपीएस अधिकारी की याद में कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार :** केवल खुराना स्मृति मंच की ओर से जोगीपुरा स्थित गुरुद्वारा हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साहित्यिक, सामाजिक और राजनैतिक लोगों ने दिवंगत आईपीएस अधिकारी केवल खुराना को याद किया। साहित्यकारों ने रचनाएं प्रस्तुत की गईं। वक्ताओं ने कहा कि कुछ व्यक्तित्व पद को धारण करके सुशोभित होते है और कुछ व्यक्तित्व को धारण करके पद सुशोभित होते हैं।

दीप प्रज्ज्वलन के बाद कुमार आशीष ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि विशिष्ट व्यक्तित्व की स्मृति संजोई जाती हैं। केवल खुराना एक सजग और त्वरित प्रभावशाली निर्णय लेने के लिए विख्यात अधिकारी थे। बदायूं के लोगों से विशेष लगाव रखते थे। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि वह जिले के लोगों के लिए हार्दिक सहयोग की निर्मल भावना रखते थे और खेल प्रिय भी थे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि वह ऐसे पुलिस अधिकारी थे जो जड़ो से जुड़े थे और कर्तव्य के साथ सामाजिक संवेदनाओं से भी परिपूर्ण थे। वरिष्ठ अधिवक्ता अनवर आलम ने कहा कि वह एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक संस्था थे। डॉ. शैलेंद्र कबीर ने कहा कि अल्प समय में छोड़कर, अपनी अद्भुत छाप।

श्री राघव के धाम में, चले गए हैं आप। आचार्य संजीव रूप ने कहा कि जो केवल खुद को जीते हैं वह ज्यादा दिन कब जीते हैं। जो औरों के हित जीते हैं, वह मरकर के भी जीते हैं।

शरद शंखधार ने कहा कि युवा पीढ़ी को केवल खुराना से प्रेरणा लेते हुए अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहना चाहिए। बाल्य काल में केवल खुराना की सहपाठी रहीं डॉ. सोनरूपा विशाल ने अपने संस्मरण साझा करते हुए पूरे सदन को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मनीराम मिश्रा ने कहा कि केवल खुराना के व्यक्तित्व और कृतित्व पर एक पुस्तक भी बननी चाहिए, जो युवा पीढ़ी के लिए प्रेरक होगी।

डॉ. राम बहादुर व्यथित, डॉ. रामप्रकाश पथिक, नरेन्द्र गरल, महेश मित्र, डॉ. गीतम सिंह, अरविन्द धवल, भूराज लायर, दीपांकर गुप्त, भारत शर्मा, आबशार आदम, कमला माहेश्वरी, डॉ. मनवीर सिंह ने भावांजलि प्रस्तुत की। कार्यक्रम में जगदीश धींगड़ा, रामप्रकाश शास्त्री, विष्णुदेव चांडक्य, सचिन भारद्वाज, वेदभानु आर्य, परविन्दर प्रताप सिंह, डायना अहलूवालिया, प्रतिभा मिश्रा, डॉ. मधु गौतम, अशोक सक्सेना, वीरेन्द्र झा, अमृत गांधी, डीके चड्ढा, विष्णु असावा आदि उपस्थित रहे।संचालन कामेश पाठक व सुनील समर्थ ने किया। विवेक खुराना ने आभार व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### मौखिकी परीक्षा 25 को

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में एमए प्रथम और तृतीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान, इतिहास विषय की मौखिक परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। दोनों विषयों की मौखिकी परीक्षा 25 फरवरी को सुबह 10 बजे से होंगी। संबंधित सभी छात्र-छात्राओं का पहुंचना अनिवार्य है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि दोनों विषय से संबंधित पीजी करने वाले संस्थागत छात्र-छात्राओं को हर दशा में प्रवेश पत्र के साथ कॉलेज आना अनिवार्य है। अनुपस्थित रहने वाले छात्र-छात्रा अनुत्तीर्ण होने के लिए खुद जिम्मेदार होंगे।

### कार्रवाई की मांग

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दहलीज निवासी जावेद, आरिफ और अब्दुल सलाम के साथ रुदायन कस्बा में मारपीट हुई थी। जिसका वीडियो वायरल हुआ था। रविवार को दातागंज में आयोजित संविधान बचाओ संवाद में आए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने सहसवान जाकर उनसे मुलाकात की थी और हर संभव मदद का भरोसा दिया था। सोमवार को कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपा। बफाती कियां, प्रदीप सिंह, दीपक मिश्रा, हाजी नुसरत अली ने कहा कि वीडियो में देखा जा सकता है कि बजरंग दल का कार्यकर्ता मुसलमानों से मारपीट कर रहा है। रईस अहमद, अहमद अमजदी, राजीव पटेल, बन्ने खां, सैयद जाबिर जैदी, इकरार अली, नदीम उद्दीन आदि मौजूद रहे। आगाज संस्था के अध्यक्ष नितिन गुप्ता के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने निंदा कर डीएम को ज्ञापन सौंपा। विधिक सलाहकार अधिवक्ता मोहम्मद शीराज आलम, आमिर सुल्तानी, सालिम रियाज, शहबाज हुसैन, राजेश पाठक, देव कुमार, केवट आदि मौजूद रहे।

### मनाया मोक्ष कल्याणक

**बिल्सी,अमृत विचार :** नगर स्थित पदमांचल जैन मंदिर में जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु स्वामी का मोक्ष कल्याणक श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ जैन श्रावकों द्वारा भगवान जिनेंद्र स्वामी के मंगल जलाभिषेक से हुआ। इसके बाद शांति धारा एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंगल आरती की गई। भगवान चंद्रप्रभु स्वामी का गुणगान करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। दिगम्बर जैन महासमिति के मंडल अध्यक्ष प्रशांत जैन ने कहा कि अधिकांश लोग भगवान को केवल दु:ख के समय याद करते हैं, जबकि सुख और शुभ कार्यों में उन्हें भुला देते हैं। इस मौके पर अरविंद कुमार जैन, ज्योति जैन, मानसी जैन, शालिनी जैन, प्रियांश जैन, प्रिंस जैन, काशवी जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

# चार माह में ही टूट गई सड़क, हुए गहरे गड्ढे

## बरसात के बाद नगर पालिका ने सड़कों की कराई थी मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बरसात के बाद नगर पालिका के द्वारा सड़कों को गड्ढा मुक्त कराया था। चार माह के अंदर सड़कें फिर से गड्ढायुक्त हो गई हैं। पुलिस लाइन चौराहे से लेकर रोडवेज बस स्टैंड जाने वाली और वन विभाग रोड की हालत बेहद खस्ता है।

पुलिस लाइन चौराहे से रोडवेज बस स्टैंड सहित वन विभाग रोड बुरी तरह से क्षतिग्रस्त थी। इनके निर्माण कराने को शहर के लोगों ने प्रशासन और नगर पालिका से मांग की। महीनों बाद सुनवाई हुई। बरसात गुजर जाने के बाद अक्टूबर नवंबर माह के दौरान इन सड़कों की मरम्मत नगर पालिका द्वारा कराई गई। मानकों की अनदेखी कर सड़कों को गड्ढा मुक्त करते हुए खाना पूर्ति कर दी गई। मरम्मत के कुछ माह बाद ही



जर्जर सड़क।

सड़कों के भरे गड्ढे फिर से दिखने लगे।

अब आलम यह है कि गड्ढे काफी गहरे हो गए हैं।रोडवेज बस स्टैंड पर स्थिति बेहद खराब है। गहरे गड्ढों की वजह से दो पहिया और तीन पहिया वाहनों चालकों को आने जाने दिक्कत होती है। सड़कों की बदहाल स्थिति पर लोगों का कहना है कि सड़कों को गड्ढा मुक्ति करने का अभियान भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। काफी जद्दोजहद के बाद इन सड़कों की हालत सुधरी थी। निर्माण कार्य करने के दौरान खानापूर्ति की गई। जिसके कारण सड़कें छह माह में ही टूट गईं।

### करीब तीन लाख की लागत से भरे गए थे सड़कों के गड्ढे

वन विभाग और रोडवेज जाने वाले रोड के निर्माण में नगर पालिका द्वारा करीब तीन लाख की धनराशि खर्च की थी। वन विभाग रोड का निर्माण करीब पौने दो लाख और सवा लाख में रोडवेज बस स्टैंड जाने वाले मार्ग की मरम्मत हुई थी। लेकिन यह मार्ग छह माह भी नहीं टिक सके। सड़कों की बजरी उखड़ कर बिखर गई हैं। गहरे गड्ढों की वजह से लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है।

> शहर में सड़कों का नवीनीकरण कराया जा रहा है। कुछ सड़कें रह गई हैं। उनकी भी मरम्मत शीघ्र कराई जाएगी।
>
> **विनय कुमार**, ईओ नगर पालिका सदर

## रोडवेज की तरह दिखने वाली दो बसों समेत 8 सीज

**बदायूं, अमृत विचार :** प्राइवेट बस संचालक सवारियों को धोखा देने के लिए नए पैंतरे आजमाने से बाज नहीं आ रहे हैं। एआरटीओ ने ऐसी ही दो प्राइवेट को सीज किया गया है। इस बस को रोडवेज बस का रंग देकर सड़क पर दौड़ाया जा रहा था। अन्य वाहनों को सीज और चालान किया गया।

एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन हरिओम और परिवहन निगम के एआरएम राजेश पाठक ने संयुक्त रूप से डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। दो प्राइवेट बसों को रोडवेज बस का रूप देकर सड़क पर दौड़ाया जा रहा था। अधिकारियों ने दोनों बसों को सीज कर दिया। इनके अलावा अनाधिकृत रूप से संचालन पर तीन बसों के चालान किए। छह माल ओवरलोड वाहनों को भी सीज किया गया। एक लाख 80 हजार रुपये शुल्क सरकारी खाते में जमा कराया गया। एआरटीओ ने आह्वान किया कि सभी वाहन स्वामी अपने वाहनों का बीमा, फिटनेस, प्रदूषण आदि दुरुस्त रखें। नियम सुविधा के लिए बनाए गए हैं। इनका सदुपयोग करें। यातायात नियमों का पालन करें। वाहन का प्रयोग इस प्रकार करें कि मार्ग पर जन सामान्य को कोई भी असुविधा न हो।

# युवाओं जड़ों से जोड़ने वाली है फिल्म गोदान : कुशाग्र सागर



फिल्म देखते भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता व पूर्व विधायक कुशाग्र सागर।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गौ संरक्षण के सामाजिक व पर्यावरणीय महत्व को दर्शाती गोदान : राजीव कुमार गुप्ता

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता और बिसौली के पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने अपनी विधानसभा के लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ शहर के सिनेमा हॉल में फिल्म गोदान देखी।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि गोदान फिल्म भारतीय संस्कृति, ग्राम्य जीवन और गौ संरक्षण की परंपराओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। भारतीय समाज में गौ माता के प्रति श्रद्धा केवल आस्था नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली और अर्थव्यवस्था से भी जुड़ी रही है। फिल्म में इसी समन्वित दृष्टिकोण को संतुलित रूप से दर्शाया गया है, जो समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करता है। पूर्व विधायक ने कहा कि यह फिल्म समाज में नैतिक मूल्यों, पशु संरक्षण और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाली है। आज के समाज में ऐसी सकारात्मक फिल्मों की आवश्यकता है जो युवाओं को भारतीय परंपराओं के महत्व से अवगत कराएं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, नगर अध्यक्ष बिसौली मनोज गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज शर्मा, शिव ओम शर्मा, अजय पाराशरी, रामवीर सिंह, पंकज चौहान, बंटू पाठक, सनवीर पाल, गौरी शंकर शर्मा, सचिन जौहरी, अजेन्द्र राघव, आदेश सागर, हरनेक सागर, पंकज सागर आदि उपस्थित रहे।

## भागवत के चौथे दिन मनाया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**बिल्सी, अमृत विचार:** वन बेहटा गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद भागवत के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। ग्रामीणों ने भजन कीर्तन किया।

कथावाचक संजय व्यास ने प्रवचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर व्याख्यान किया। कहा कि जब-जब अत्याचार, अनाचार व अन्याय बढ़ा है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना को लेकर ही प्रभु का अलग-अलग रूपों में अवतार होता है।

जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दीं, तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। कथावाचक ने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है, तो संकल्प लेना जरूरी है। हर बच्चे को अपने माता-पिता व गुरू की बातों को मानना चाहिए। भागवत कथा के दौरान व्यास पूजा, भजन, झांकी व आरती हुई। इस मौके पर युवराज सिंह, विजय कश्यप,राजू ठाकुर, जगपाल शाक्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# डायरिया के मरीजों की लगातार बढ़ रही संख्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गर्मी शुरू होते ही बुखार के बाद अब डायरिया का प्रकोप शुरू हो गया है। मरीजों के ब्लड की जांच कर दवा दी जा रही है। जांच में अनेकों बुखार पीड़ितों को डायरिया की पुष्टि हो रही है। जिससे अब डायरिया के मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने लगी है जो चिंताजनक है।

पिछले कई दिनो से गर्मी की आहट देखने को मिल रही है। बदलते मौसम में अब तक सर्दी खांसी के मरीज आते थे लेकिन पांच दिनों से डायरिया के मरीज भी सामने आ रहे हैं। सोमवार को करीब 87 मरीजों का ब्लड टेस्ट कराया गया जिसमें में 13 मरीजों में डायरिया की पुष्टि हुई। डायरिया के मरीजों की बढ़ती संख्या चिंताजनक है। जिला अस्पताल में आज सुबह से ही मरीजों की लाइन लगनी शुरू हो गयी। डा.अलंकार सोलंकी ने बताया कि अब डायरिया के मरीजों की संख्या हर दिन बढ़ रही है। इसके साथ ही सर्दी खांसी के मरीज भी बढ़ रहे हैं। डाक्टर राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि अब डायरिया और मलेरिया के मरीज देखने को मिलेंगे। गर्मी शुरू होते ही मच्छर भी हमला कर रहे हैं। कई मरीजों में मलेरिया देखने को मिला है हालांकि मलेरिया के अभी एक दो केस ही आ रहे हैं लेकिन डायरिया के मरीज अधिक देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समय जो लोग कम या हलके कपड़े पहनते हैं सर्दी खांसी बुखार की चपेट में आ रहे हैं। उसके बाद डायरिया शुरू हो रहा है। ऐसे में लोगों को लापरवाही नही करनी है। गर्मी के बावजूद ठीक से कपड़े पहने और रात को घर में ही रहें। बताया कि रात को मच्छर काटते हैं।



लाइन में लगे मरीज ● अमृत विचार

- जांच के बाद दर्जनभर मरीजों में हुई डायरिया की पुष्टि
- जिला अस्पताल में लाइन में लगे मरीजों को हुई परेशानी

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अमित वार्ष्णेय ने बताया कि आज करीब नौ सौ से अधिक मरीजों ने पर्चे बनवाए ।सोमवार को अधिक मरीज आते हैं ।अब बुखार और डायरिया मलेरिया शुरू हो रहा है इसलिए अस्पताल में दोपहर तक भीड़ रहती है। बताया कि पैथोलॉजी लैब में दो से तीन सौ मरीजों का ब्लड टेस्ट कराया जा रहा है। इससे लगता है कि हर दिन मरीज बढ़ रहे हैं।

### होम्योपैथिक अस्पताल में भी बढ़े मरीज

होम्योपैथिक चिकित्सक प्रमोद कुमार व्यास ने बताया कि उनके पास भी डायरिया के मरीज आ रहे हैं। हालांकि अभी संख्या कम है फिर भी मरीजों में डायरिया को लेकर चिंता है। कहा कि उन्हे जांच कराने को कहा गया है। जांच के बाद ही दवा दी जाएगी। आयुर्वेदिक और यूनानी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या सौ से पार पहुंच रही है। जिससे उक्त अस्पताल में सुबह से दोपहर तक भीड़ रहती है।

## टैक्स से पहले ही तंबाकू उत्पादों के दाम बढ़े

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** तंबाकू उत्पादों पर संभावित टैक्स बढ़ोतरी के प्रस्ताव ने अभी से बाजार में हलचल पैदा कर दी है। नई दरें लागू भी नहीं हुई हैं, लेकिन नगर में पान-मसाला और सिगरेट के दाम बढ़ गए हैं। आरोप है कि कुछ थोक विक्रेताओं ने पुरानी दरों का माल गोदामों में स्टॉक कर लिया है, जिससे बाजार में कृत्रिम किल्लत पैदा हो गई है।

बताया जा रहा है कि छोटे दुकानदारों को पुरानी कीमत वाला माल भी अधिक रेट पर दिया जा रहा है। इसके चलते कई दुकानदार प्रिंट रेट से ऊपर मजबूरी में बिक्री कर रहे हैं। नगर के मेन चौराहे स्थित चंदौसी रोड पर 25 रुपये का रजनीगंधा 27 रुपये में बेचे जाने की शिकायतें सामने आई हैं। अन्य गुटखा और सिगरेट भी पुराने प्रिंट रेट के बावजूद ओवर रेट बिक रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, तहसील क्षेत्र के बड़े एजेंसी धारकों ने भारी मात्रा में माल डंप कर लिया है।

# स्पोर्ट्स मीट के मेधावियों को किया सम्मानित

संवाददाता, बिल्सी

- फ्यूचर लीडर्स स्कूल में पिछले महीने हुई थी वार्षिक प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** फ्यूचर लीडर्स स्कूल में गत माह आयोजित वार्षिक स्पोर्ट्स मीट के विजेता विद्यार्थियों को एक पदक वितरण समारोह में सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. राजीव सिंह, चंद्रसेन माहेश्वरी एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट उमंग राज सक्सेना द्वारा खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के साथ किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन सहित अनेक इनडोर एवं आउटडोर खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों ने अनुशासन, टीम भावना और अद्भुत खेल प्रतिभा का परिचय दिया।

मुख्य अतिथि उमंग राज सक्सेना ने कहा कि, खेल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच को भी सशक्त बनाते हैं। विद्यालय के डायरेक्टर वी. पी. सिंह ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होतेहैं। प्रबंध निदेशक राहुल कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व गुणों का विकास करते हैं तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

# मीराजी चौकी पर पालिका लगवाएगी गाडगे की मूर्ति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गाडगे यूथ बिग्रेड की ओर से शहर में निकाली गई शोभायात्रा, मीराजी चौकी पर हुई गोष्ठी
- पूर्व मंत्री आबिद रजा ने संत गाडगे के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया

**अमृत विचार :** गाडगे यूथ बिग्रेड की ओर से शहर में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ शहर के प्रतिष्ठित लोगों ने हरी झंडी दिखाकर किया। शोभायात्रा अंबेडकर पार्क से प्रारंभ होकर लाबेला चौक, गांधी ग्राउंड, रजी चौक, शहबाजपुर, टिकट गंज और पथिक चौक होते हुए मीरा जी चौकी पर पहुंची। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह पुष्पवर्षा करके शोभायात्रा का स्वागत किया गया। डीजे की धुनों और धार्मिक नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। मीराजी चौकी पर गोष्ठी हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कहा कि गाडगे समाज ने हमेशा सामाजिक एकता, शिक्षा और संगठन की शक्ति को प्राथमिकता दी है। उन्होंने मीराजी चौक पर संत गाडगे की मूर्ति लगाने वायदा किया था। पूर्व मंत्री ने कहा कि एक साल पहले संत गाडगे की मूर्ति लगवाने का उन्होंने प्रयास किया था लेकिन सत्ता के दबाव की वजह से वह उस समय मूर्ति नहीं लग सकी। अब नगर पालिका संत गाडगे की मूर्ति लगवाएगी।

गाडगे समाज के संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरदीप माथुर, जिलाध्यक्ष नीरज कन्नौजिया, जिला उपाध्यक्ष प्रवेश कुमार, आईटीसी प्रभारी सुनील कुमार, प्रदेश सदस्य दिनेश माथुर, रामनिवास दिवाकर, आदि उपस्थित रहे।

### एकजुटता का आह्वान

**बदायूं, अमृत विचार :** संत गाडगे जयंती पर समरेर में आयोजित कार्यक्रम में एकजुटता के बारे जागरूक किया गया। डॉ. अरुण प्रकाश ने कहा कि आने वाले समय में हमें अपनी ताकत का परिचय संगठित होकर देना है। आयोजक समिति के रविंद्र व कालीचरण दिवाकर ने कहा कि हम लोग किसी के गुलाम नहीं हैं। जो सम्मान देकर उसका साथ देंगे। जल्द ही तहसील स्तर पर कार्यक्रम किया जाएगा। लोगों ने शिक्षा, राजनीतिक और व्यापारिक स्तर पर एक-दूसरे का सहयोग करने का संकल्प लिया। रामवीर दिवाकर, सचिन दिवाकर, हरिश्चंद्र, जगपाल, सतीश, सुखपाल, मदन पाल, ओमशंकर, राधेश्याम, रामभजन, पप्पू, सत्यपाल, रामवीर फौजी, रंजीत दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## कड़ी निगरानी में परीक्षा

**बिसौली, अमृत विचार :** क्षेत्र के सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में सोमवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी व द्वितीय पाली में इंटर मीडिएट गणित,जीवविज्ञान विषय की परीक्षा कड़ी निगरानी में हुई। केंद्र व्यवस्थापक राजकुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी विषय में 411 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 24 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। द्वितीय पाली में इंटर मीडिएट गणित,जीव विज्ञान विषय की परीक्षा में 174 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 11 अनुपस्थित रहे। मदन लाल इंटर कॉलेज बिसौली में सुबह 571 के स्थान पर 526 और दूसरी पाली में 355 के स्थान पर 327 परीक्षार्थी उपस्तिथ हुए। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर में सुबह की पाली में 675 के स्थान पर 603 और दूसरी में 208 के स्थान पर 193 उपस्थित रहे। स्टेटिक मजिस्ट्रेट सुरेश सागर, शाइस्ता परवीन के साथ केंद्र व्यवस्थापक संजीव यादव मौजूद रहे।

# संयुक्त शिक्षा निदेशक ने किया केंद्रों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- महत्वपूर्ण पेपर होने की वजह से केंद्रों पर दौड़े मंडलीय और जिले के अधिकारी
- हाईस्कूल अंग्रेजी में 2565 और इंटर गणित बायो में 1043 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा में सोमवार को हाईस्कूल अंग्रेजी और इंटरमीडिएट गणित, जीव विज्ञान पेपर हुआ। 3,608 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पेपर की महत्वता के चलते उप्र शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में संयुक्त शिक्षा निदेशक (अर्थ) महेंद्र सिंह ने बरेली के संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार के साथ शहर समेत जिले के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इनके अलावा सचल दल भी केंद्रों पर दौड़ते रहे, लेकिन किसी भी केंद्र पर कोई छात्र अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए नहीं पाया गया।

यूपी बोर्ड परीक्षा में सुबह की पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी विषय और इंटरमीडिएट व्यावसायिक शिक्षा का पेपर हुआ। हाईस्कूल अंग्रेजी विषय के पेपर में 36709 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 34144 उपस्थित और 2565 अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट व्यावसायिक शिक्षा के पेपर में 272 पंजीकृत, 261 उपस्थित और 11 अनुपस्थित रहे। वहीं शाम की पाली में इंटरमीडिएट गणित और जीव विज्ञान का पेपर हुआ। जिसमें 18989 विद्यार्थी पंजीकृत, 17946 उपस्थित और 1043 अनुपस्थित रहे।



पेपर देकर परीक्षा केंद्र से निकलती छात्राएं। ● अमृत विचार

परीक्षा के दौरान प्र शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में संयुक्त शिक्षा निदेशक (अर्थ) महेंद्र सिंह ने बरेली के संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार के साथ शहर सहित जिले के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। देहात क्षेत्र के केंद्रों पर शिक्षा अधिकारियों को अव्यवस्थाएं मिलीं।

इस पर उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक के प्रति नाराजगी व्यक्त की। इनके अलावा जिले में नामित किए गए पर्यवेक्षक माध्यमिक क्षेत्रीय कार्यालय के उप सचिव अनुपम शर्मा ने भी केंद्रों का निरीक्षण किया। मंडल और शासन स्तर के अधिकारियों के अलावा सचल दलों द्वारा भी परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया जाता रहा। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### अंबेडकर सभागार का लोकार्पण

**बिसौली , अमृत विचार :** भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य और बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य ने डॉ अंबेडकर सभागार का भव्य लोकार्पण किया ।बिसौली विधानसभा के अंतर्गत विकास खंड आसफपुर में विकास और जनकल्याण की दिशा में एक नया अध्याय जुड़ गया है। यहां नवनिर्मित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार का मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य और विशिष्ट अतिथि बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात अतिथियों ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों और महिला समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर स्वरोजगार के प्रयासों की सराहना की।


**आवश्यकता है**

- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया
- वार्ड बॉय

**रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**

सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली

मो. +91-8077808309, 9837357497


योजना | शासन के निर्देश पर मलेरिया विभाग चिन्हित करेगा बड़े तालाब

# तालाबों की सफाई करा छोड़ेंगे गैम्बुसिया मछली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- ग्राम पंचायतों को दी जाएगी मच्छर नाशक दवा,
- आशाएं करेंगी लोगों को जागरूक

**अमृत विचार :** मच्छरों की बढ़ती संख्या रोकने को मलेरिया विभाग तालाबों की सफाई कराएगा, जिससे मच्छर न पनप सकें।

गर्मियों में गंदगी में मच्छरों का प्रजनन तेजी से होता है जो लोगों में तमाम तरह की बीमारियां फैलाता है। मलेरिया बीमारी मच्छर जनित है इसलिए इस बार शासन ने मच्छरों के विनाश को तालाबों की सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद अब मलेरिया विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग ने पन्द्रह दिन में जिले के बड़े तालाबों को चिन्हित कर लेने की बात कही है।

शासन के निर्देश पर इस बार मलेरिया विभाग और ग्राम पंचायतों को मच्छर नाशक अभियान चलाने को निर्देशित किया गया है।

मलेरिया विभाग बड़े तालाबों को चिन्हित करेगा। उसकी सूची संबधित ग्राम पंचायत को दी जाएगी। ग्राम प्रधान उक्त तालाब में मच्छर नाशक दवा डलवाएगा। साथ ही गांवों में नालियों में भी मच्छर नाशक दवा का छिड़काव कराएगा। विभागीय सूत्रों का कहना है कि ब्लॉक समरेर और दातागंज में सफाई अभियान जल्द शुरू किया जाएगा। दोनों ब्लॉक क्षेत्रों में मलेरिया के रोगी सबसे अधिक होते हैं इसलिए यह दोनों ब्लॉक संवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं।

जिला मलेरिया अधिकारी योगेश कुमार सरस्वत ने बताया कि मच्छरों के खात्मे को अभियान शुरू किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिससे ग्रामीण स्वयं अपने घरों में आस पास सफाई रखें और मच्छरों को न पनपने दें।

### तालाबों में डाली जाएगी गैम्बुसिया मछली

मच्छरों के विनाश को गम्बुजिया मछली भी तालाबों में डाली जाएगी। गैम्बुसिया मछली खरीदने को शासन से धन स्वीकृत होगा ।गैम्बुसिया मछली मच्छर के लार्वा को खा लेती है। इसलिए इसे मच्छर नाशक माना जाता है। जिन ग्राम पंचायतों में बड़े तालाब हैं उनमें हर साल गैम्बुसिया मछली डाली जाती है, जिससे आसपास के इलाके में मच्छर न पनप सकें।

### ब्लॉक स्तर पर आशाओं की होगी गोष्ठियां

ब्लॉक स्तर पर गोष्ठी आयोजित कर आशा कार्यकर्ताओं को सफाई के बारे में प्रशिक्षण देकर उन्हे गांव गांव भेजा जाएगा। मच्छरों से होने वाली बीमारियों के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी जिससे ग्रामीण संक्रामक बीमारियों को लेकर स्वयं ही सावधानी बरतें। इसके लिए सीएमओ कार्यालय से निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## टेट अनिवार्यता के विरोध में काली पट्टी बांधकर किया काम

**उघैती, अमृत विचार :** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर टेट अनिवार्यता के विरोध में चल रहे आंदोलन के दूसरे चरण में सोमवार को उघैती थाना क्षेत्र के शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया ।शिक्षकों ने नियमित पठन-पाठन जारी रखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से सरकार के निर्णय के प्रति असहमति दर्ज कराई।

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवं महिला शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने भाग लिया। खितौरा में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजन यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधी। आरटीई से पहले नियुक्त पर टेट अनिवार्य करना न्यायसंगत नहीं है।


खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002


**सूचना**

सूचित हो कि मेरे डी.एल. सख्या UP2520060006571 में मेरा नाम श्याम कुमार त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है जबकि सही नाम श्याम बाबू है कृपया सही नाम दर्ज हो। **श्याम बाबू पुत्र रामभरोसे लाल निवासी 139-कैलाश पुरम डेलापीर इज्जत नगर बरेली।**


**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चा चोर समझकर किशोर को पीटा

**कादरचौक, अमृत विचार** : सोमवार को एक किशोर थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव में प्लास्टिक के टब बेचने के लिए पहुंचा। ग्रामीणों ने उसे बच्चा चोर समझ लिया और उसकी पिटाई लगा दी। किशोर ने बताया कि वह शामली निवासी है और अपने भाइयों के पास म्याऊं में रह रहा है। कुछ समय के बाद ग्रामीणों ने किशोर को छोड़ दिया।

### जनता को परेशान न करे पुलिस: विधायक

**बिसौली, अमृत विचार** : बिसौली क्षेत्र के नागरिकों ने विधायक आशुतोष मौर्य को बताया कि होली का पर्व निकट है और ट्रैफिक पुलिस द्वारा आम जनता और वाहन स्वामियों को परेशान किया जा रहा है। इस पर विधायक ने तत्काल टीएसआई मनोज शर्मा को तलब कर कड़े निर्देश दिए। कहा कि चेकिंग के नाम पर बिना वजह किसी भी नागरिक का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने टीएसआई को निर्देश दिया कि होली के दौरान बाजारों में आने वाले लोगों को जाम से परेशानी न हो। विधायक ने लोगों से भी अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और होली का त्यौहार प्रेम से मनाएं।

# टैंकर की टक्कर से बाइक सवार दो भाइयों की मौत, एक घायल

## बदायूं-बिजनौर मार्ग पर बैन स्थित ईंट भट्ठे पास हुआ था हादसा

संवाददाता, बिल्सी



हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : बदायूं-बिजनौर मार्ग पर सोमवार दोपहर एक टैंकर और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो सगे भाईयों की मौत हो गई और टैंकर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल चालक का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

हादसा कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव वैन स्थित भट्ठे के पास हुआ। मृतकों की शिनाख्त उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव बरामयखेड़ा निवासी भूप सिंह (22) और राजेश कुमार (24) पुत्र मैकूलाल मौर्य के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर परिजन चीत्कार करते पहुंचे। मृतकों के तीसरे भाई पूरन ने बताया कि सोमवार को वह दोनों शादी के लिए लड़की देखने नगर बिल्सी के मोहल्ला तीन में जा रहे थे। भूप सिंह और राजेश कुमार एक बाइक पर थे जबकि उनके परिवार के अन्य लोग एक कार में सवार थे। वह दोनों बैन स्थित भट्ठे के पास से गुजरे। इसी दौरान तेज रफ्तार दुग्ध टैंकर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों भाई और टैंकर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने भूप सिंह को मृत घोषित कर दिया। उनके घायल भाई राजेश कुमार और टैंकर चालक बुलंदशहर के खुर्जा निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र चंद्रपाल को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान राजेश कुमार ने भी दम तोड़ दिया। उपनिरीक्षक रामसेवक राठौर ने बताया कि दोनों भाईयों के शवों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे की जांच की जा रही है।

## प्रधानों को मिला प्लानिंग फैसीलेटर का प्रशिक्षण

**वजीरगंज, अमृत विचार** : विकासखण्ड सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत एक दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानों और पंचायत सहायकों को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के संबंध में जानकारी दी गई। राज्य प्रशिक्षक अशोक कुमार सिंह तोमर, राजेश कुमार सक्सेना, तथा अमरीश पटेल ने ग्राम पंचायत विकास योजना (जी पी डी पी ) क्या है, जीपीटीपी की आवश्यकता क्यों पड़ी आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उनके द्वारा प्रधानों और पंचायत सहायकों के साथ ग्राम पंचायत विकास योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू कैसे करना है । जिसमें निम्न चरण प्रस्तावित क्षेत्र , प्राथमिकता, फंड का आवंटन , फंड के स्रोत आदि के बारे में चर्चा की गई । इस मौके पर एडीओ पंचायत शशिकांत शर्मा, सचिव रमेश चंद्र पाल, अभिनय वृंदा, संजय कुमार, सतपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## घी के डिब्बों में सप्लाई हो रही थी अफीम, दो तस्कर दबोचे

संवाददाता, कैंट(बरेली)

● **झारखंड से सप्लाई, बरेली के रास्ते बदायूं तक होती थी अफीम की डिलीवरी**

**अमृत विचार** : थाना कैंट क्षेत्र के लाल फाटक के पास एएनटीएफ यूनिट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए घी के डिब्बों में भर कर सप्लाई की जा रही साढ़े चार किलो अफीम के साथ दो तस्करों को पकड़ा है। आरोपी झारखंड के चतरा जिले के बाबूलाल दांगी और बदायूं के शिवकुमार बताए जा रहे हैं। उनके पास से 5300 रुपये नगद, एक मोबाइल फोन और कोडरमा से बरेली तक का रेल टिकट भी बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बरामद माल की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है।

पुलिस के मुताबिक एएनटीएफ टीम को सूचना मिली थी कि झारखंड निवासी बाबूलाल दांगी बरेली में बदायूं निवासी शिवकुमार को अफीम की खेप सौंपने वाला है। सूचना मिलते ही टीम सतर्क हो गई और रविवार दोपहर लाल फाटक पुल के पास जुये की पुलिया के नजदीक घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को बैग में अफीम का लेन-देन करते हुए पकड़ लिया। तलाशी में घी के पांच डिब्बों में अफीम छिपाई मिली। इनमें चार डिब्बों में एक-एक किलो और एक में 500 ग्राम अफीम रखी थी। पूछताछ में बाबूलाल दांगी ने खुलासा किया कि वह कोडरमा से अफीम लाकर बरेली में बदायूं के थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मिर्जापुर सिरसवा निवासी शिवकुमार को सप्लाई करता था। इसके बदले में शिवकुमार भुगतान खाते में ट्रांसफर करता था। दोनों आरोपी जुलाई 2025 से लगातार संपर्क में थे। पुलिस ने बताया कि तस्कर अफीम को घी के डिब्बों में छिपाकर सप्लाई करते थे, ताकि कोई शक न करे। अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पुलिस तलाश कर रही है। कार्रवाई में स्थानीय थाना पुलिस का भी सहयोग रहा है।

# बिसौली: 33करोड़ का बजट पारित



बोर्ड की बैठक में उपस्थित ईओ, चेयरमैन और सभासद। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार**: सोमवार को नगर पालिका सभागार में बोर्ड की बैठक हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए करीब सवा तेंतीस करोड़ का बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। बैठक में आय व्यय के अनेक बिंदुओं पर विमर्श किया गया। प्रस्ताव में करीब 23 आय के और करीब 30 व्यय के बिंदुओं को रखा गया। बैठक में बजट प्रस्ताव के अलावा अनेक निर्माण संबंधी विषयों के प्रस्ताव पेश किए गए।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी रवि यादव, चेयरमैन अबरार अहमद के साथ सभासद अभीक्ष पाठक, दीपक पाठक, अमरपाल प्रजापति, बाबू, सरिता शर्मा, प्रगति पाठक, वरुण शर्मा, शिव शंकर, नीरज रस्तोगी, आदि सभासद उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई गजेंद्र कुमार को बिसौली नगर पालिका के लिए भी जेई की जिम्मेदारी मिली हुई है। लेकिन गजेंद्र कुमार पिछली कई महत्वपूर्ण बैठकों में अनुपस्थित रहते हैं। सोमवार को हुई बोर्ड की बैठक में भी वह गायब थे।

## पुलिस ने किया रूट मार्च कराया सुरक्षा का एहसास

संवाददाता, ओरछी



पैदल मार्च करती पुलिस टीम।

**अमृत विचार** : थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने नगर में पैदल गश्त, कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने कस्बे के मुख्य बाजार, बस स्टैंड और प्रमुख चौराहों का सघन निरीक्षण किया। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर खड़े संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और उनके आने-जाने का कारण पूछा। पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों से संवाद भी किया। इंस्पेक्टर ने कहा, क्षेत्र में शांति और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए नियमित गश्त जारी रहेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई दे, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर एएसआई नरेंद्र सिंह, एसआई हरिदत्त सैनी, एसआई कविराज सिंह, सुरेश पाल सिंह, और एसआई सुशील विश्नोई सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# बच्चों ने जाना अखबार का संसार

● **एलन किड्स के बच्चों ने समझीं समाचार पत्र की बारीकियां**

कार्यालय संवाददाता, बरेली



एलन किड्स के छात्र-छात्राओं ने अमृत विचार प्रिंटिंग प्रेस का भ्रमण किया।

**अमृत विचार** : दुनिया भर की खबरें एक कागज पर सिमटकर हमारे ड्राइंग रूम तक कैसे पहुंचती हैं? इस जिज्ञासा को शांत करने के लिए एलन किड्स के नन्हे छात्र-छात्राओं ने 'अमृत विचार' समाचार पत्र के कार्यालय और प्रिंटिंग प्रेस का शैक्षणिक भ्रमण किया। बच्चों ने पत्रकारिता के विविध आयामों और अखबार तैयार होने की पूरी प्रक्रिया को देखा।

कार्यालय भ्रमण के दौरान संस्थान के सीओओ पार्थो कुनार ने बच्चों का आत्मीय स्वागत कर उन्हें अखबार की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रिपोर्टर्स के दिनभर खबरें एकत्रित करने फिर उन्हें डेस्क पर संपादकीय टीम द्वारा तराशने की जानकारी दी। बच्चों ने उस अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर को भी देखा, जिस पर पेज की डिजाइनिंग होती है।

### अमृत विचार प्रिंटिंग प्रेस देख रोमांचित हुए बच्चे

बच्चों ने जब प्रिंटिंग मशीन को तेज रफ्तार में चलते और सफेद कागज को खबरों से रंगते हुए देखा तो उनके चेहरे खिल उठे। उन्होंने समाचार संकलन के बदलते तौर-तरीकों और डिजिटल पत्रकारिता के महत्व को भी समझा। भ्रमण के अंत में एलन किड्स के बच्चों ने संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया। म्यूजिक टीचर अनिकेत सिंह और सतेंद्र ने कहा कि इस तरह के अनुभवों से बच्चों में खोजी प्रवृत्ति और समाज के प्रति जागरूकता विकसित होती है। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक और अमृत विचार परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### ट्रांसफार्मर से कॉपर क्वाइल और तेल चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**बिल्सी, अमृत विचार** : नगर बिल्सी के मोहल्ला 8 निवासी अजीत सक्सेना का हाईवे किनारे एक अजीत ग्रांडयोर मैरिज लॉन है। लॉन में बिजली आपूर्ति के लिए हाल ही में 250 केवीए का नया ट्रांसफार्मर कुछ दिन पहले ही रखवाया गया था। रविवार की रात अज्ञात चोरों ने ट्रांसफार्मर को खोलकर चोरी कर ली। सोमवार सुबह जब चौकीदार ड्यूटी पर पहुंचा तो ट्रांसफार्मर के पुर्जे इधर-उधर बिखरे देख उसके होश उड़ गए। उसने तुरंत घटना की जानकारी मैरिज लॉन संचालक को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मंडवा वंशीपुर विकास खंड मीरगंज (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत मंडवा वंशीपुर में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है - प्रथम श्रेणी ईंट, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, रेत, रोड़ी, सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | श्रमांश | सामग्री | योजना |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ओमकार पंडित के घर से सुखलाल के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 399000/- | 27000 | 372000 | मनरेगा |
| 2. | ठाकुरदास के घर से स्कूल तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 398600/- | 26600 | 372000 | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 24.2.2026 से दिनांक 02.03.2026 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक 02.03.2026 दोपहर 3:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

प्रधान-श्रीमती खेमवती सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत दियोरिया अब्दुल्लागंज विकास खंड मीरगंज (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत दियोरिया अब्दुल्लागंज में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है-प्रथम श्रेणी इंटरलॉकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, रेत, रोड़ी, सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | कंपोजिट विद्यालय अब्दुल्लागंज गेट से कक्ष तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 339590/- | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 24.2.2026 से दिनांक 28.02.2026 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक 28.02.2026 दोपहर 3:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

प्रधान-श्री जाकिर खान सचिव-श्री योगेश कुमार

**क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज तथा चिट्स**
**193-6, सिविल लाइन्स बरेली मण्डल बरेली**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था पैलानी सर्व समाज सेवा समिति, ग्राम पैलानी उत्तर पो. ढाई तह. कलान जिला शाहजहाँपुर के पंजीकरण हेतु सोसा. रजि. अधि. 1860 के अन्तर्गत ऑनलाईन पंजीकरण आवेदन प्राप्त है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है-

| क्र.सं. | नाम/पिता/पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | मो. रिजवान पुत्र मो. आलमशेर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री रूप पुत्र श्री ज्ञान सिंह | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री अनमोल पुत्र श्री राजवीर | सचिव |
| 4. | श्री विनोद पुत्र श्री मुकुट | कोषाध्यक्ष |
| 5. | श्री अनुराग सिंह पुत्र श्री बलवीर | सदस्य |
| 6. | श्रीमती नेहा पत्नी श्री अनमोल | सदस्य |
| 7. | मो. उस्मान पुत्र श्री नबी मोहम्मद | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजों साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा. रजि. अधि. 1860 की धारा 3(1) के "परन्तुक" के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

सहायक रजिस्ट्रार, बरेली


## स्कूल कक्ष में लटका मिला कक्षा पांच के छात्र का शव

संवाददाता, नूरपुर पिनौनी

● **दोपहर दो बजे खाना खाकर गांव में खेलने गया था छात्र**

**अमृत विचार** : स्कूल से घर आने के बाद कक्षा पांच के छात्र ने खाना खाया और खेलने की बात कहकर गांव में चला गया। देर शाम छात्र का शव गांव के एक स्कूल के कमरे में फंदे पर लटका मिला। परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या करके शव लटकाने की आशंका जताई है।

इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर पिनौनी निवासी ओमकार मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनका 12 साल का बेटा रामशरण गांव के उमेश सिंह स्मारक जूनियर हाईस्कूल में कक्षा पांच का छात्र था। वह सोमवार दोपहर लगभग दो बजे स्कूल से वापस घर पर आया था। खाना खाने के बाद खेलने जाने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन फिर वापस नहीं लौटा। काफी देर तक वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गांव के अलावा आसपास खेतों पर भी जाकर ढूंढा। देर शाम लगभग सात बजे गांव के दूसरे स्कूल में उसका शव फंदे पर लटका मिला। स्कूल के कमरों में दरवाजा नहीं था। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव को फंदे नीचे उतारकर इस्लामनगर कस्बा में चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुछ समय बाद थाना प्रभारी उदयवीर सिंह और चौकी प्रभारी हरिमोहन सिंह पहुंचे और जांच शुरू की।

# तालाब के गड्ढे के पानी में डूबकर युवक की मौत

संवाददाता, इस्लामनगर

● **सोमवार सुबह शौच के लिए शुरू किया था युवक, काफी देर के बाद तालाब में मिला शव**



तालाब के इसी गड्ढे में भरे पानी में डूबकर हुई युवक की मौत। ● अमृत विचार



मृतक युवक।

**अमृत विचार** : थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव नगला बारह में सोमवार सुबह एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

गांव निवासी पिंकू प्रजापति (30) पुत्र कल्याण इस्लामनगर स्थित कोल्ड स्टोर पर पल्लेदारी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। सोमवार सुबह करीब छह बजे वह घर के पास स्थित तालाब की ओर शौच के लिए गए थे। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। तलाश शुरू की गई तो तालाब के किनारे उनकी चप्पल और अंगोछा पानी में उतराता मिला।

आशंका होने पर गांव के एक युवक ने तालाब में उतर कर खोजबीन की। कुछ देर बाद पिंकू मिट्टी के नीचे दबे पानी के भीतर मिले। ग्रामीणों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया। परिजन आनन-फानन में पिंकू को इस्लामनगर के एक निजी डॉक्टर के पास ले गए, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के घर के सामने स्थित बड़े तालाब में पहले मछली पालन होता था। चार दिन पहले ही लघु सिंचाई विभाग द्वारा तालाब की खुदाई व सौंदर्यीकरण का कार्य ठेकेदार के माध्यम से शुरू कराया गया है। तालाब में पानी भरा होने के कारण उसे निकालने के लिए ठेकेदार ने पास में लगभग 20 फीट से अधिक गहरा गड्ढा जेसीबी से खोदकर पानी उस गड्ढे में मोड़ दिया, जिससे वहां जलभराव हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब की खुदाई बस्ती के बराबर की जा रही है लेकिन सुरक्षा के लिहाज से कोई बैरिकेडिंग या चेतावनी बोर्ड नहीं लगाए गए। खुले और गहरे गड्ढे में भरे पानी के कारण हादसे की आशंका बनी हुई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। ठेकेदार, जेसीबी चालक और हेल्पर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दिव्यांग के खेत में गेहूं की फसल पर चलाया ट्रैक्टर

**सहसवान, अमृत विचार** : कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव मानकपुर में 20 फरवरी की सुबह लगभग 6 बजे एक दिव्यांग किसान के खेत में खड़ी गेहूं की फसल को जोतने और विरोध करने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। मोहल्ला रुस्तम टोला निवासी शायक अली पुत्र अमजद अली ने बताया कि गांव मानकपुर में उनकी जमीन है। जिसमें उन्होंने गेहूं की फसल की थी।

आरोप है कि कुछ दबंगों ने फसल ट्रैक्टर से जोतनी शुरू कर दी। सूचना पर वह अपने भाई के साथ खेत पर पहुंचे। फसल को जुतवा रहे चार लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज की और लात घूसों से पीटा। जान से मारने की धमकी दी। दिव्यांग ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**आयोजन**

**बसंत उत्सव के तीसरे चरण का हुआ समापन- लालाजी महाराज की 153वीं जयंती पर हुआ आयोजन**

# देश-विदेश से आए हजारों अभ्यासियों ने की सामूहिक ध्यान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



देश-विदेश से आए हजारों अभ्यासियों ने की सामूहिक ध्यान साधना। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**: श्री राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव-2026 के तीसरे चरण का समापन हो गया। कार्यक्रम श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल दाजी के सान्निध्य में संपन्न हुआ। समापन दिवस पर सुबह सामूहिक ध्यान साधना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें देश-विदेश से आए हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान कर मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना की। यह आयोजन श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने और मिशन के आदि गुरु लालाजी महाराज की 153वीं जयंती के अवसर पर किया गया।

समापन अवसर पर दाजी ने साधकों को प्रेम, करुणा और सेवा की भावना विकसित करने का संदेश दिया। कहा कि प्रतिदिन ध्यान करें, ईर्ष्या का त्याग करें और अपने हृदय को दिव्य प्रेम से भरें। ध्यान से सहनशक्ति और सही समझ विकसित होती है। आयोजन को सफल बनाने में मिशन के सचिव उमाशंकर बाजपेई, संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, राज गोपाल अग्रवाल, श्री गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, जोन प्रभारी सौमेंद्र त्यागी, कृष्णा भारद्वाज, ममता सिंह, उमेश श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, माया सिंह, डॉ. प्रसन्न कुमार, डॉ. एच.के. सिंह, डॉ. अभिनव सक्सेना, के.एम. त्रिपाठी सहित अनेक अभ्यासियों का योगदान रहा।

### तीसरे चरण के समापन के साथ चौथे की शुरुआत

बसंत उत्सव के तीसरे चरण के समापन के बाद मंगलवार से चौथे चरण का आरंभ होगा। ध्यान साधना के बाद आश्रम का वातावरण आध्यात्मिक भावनाओं से ओतप्रोत रहा। देश-विदेश से आए अभ्यासी जब अपने घरों को लौटने लगे तो आश्रम में भावुक दृश्य दिखाई दिए। गुरु-भाइयों और बहनों से बिछड़ने के क्षण ने वातावरण को करुण बना दिया। वहीं दूसरी ओर चौथे चरण के लिए पहुंच रहे अभ्यासी गुरु के दर्शन और ध्यान-साधना की अभिलाषा लिए उत्साह से भरे दिखाई दिए। आश्रम में एक ओर बिछोह की भावना थी तो दूसरी ओर आध्यात्मिक उन्नति की नई आशा भी झलक रही थी।

